


पेज -4 पर

काव्य कलश युवा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए कवि जयंत यादव

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 118 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शुक्रवार 1 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -8 पर

घर-घर पहुंच बिजली बिल बाटने वाले कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगने से होंगे ....

## अदालत का फैसला:बिल्डर दिलीप हत्याकांड में 12 साल बाद आरोपियों को उम्र कैद की सजा

**रायपुर।** राजधानी के कटोरा तालाब रतन पैलेस के पास चर्चित बिल्डर हत्याकांड में 12 साल बाद कोर्ट ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा दी है। आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। इनमें से कुछ आरोपी फरार हैं। आरोपियों ने पैसे के लेन-देने में झारखंड से शूटर बुलाकर बिल्डर की हत्या करवाई थी। मिली जानकारी के अनुसार सांई डवलपर्स बिल्डर के मालिक दिलीप आडवानी और पार्टनर अशोक नेभानी पर 14 मई 2012 को रतन पैलेस के पास हमला हुआ था। बाइक में आए झारखंड के शूटर रवि वर्मा, शशिभूषण साव और पंकज शर्मा



ने फायरिंग की। आरोपी गोली मारकर भाग गए। घायल दिलीप और अशोक को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान दिलीप की मौत हो गई। पुलिस ने अभनपुर रवेली के सरपंच लालाराम बंजारे को गिरफ्तार किया। उसका जमीन के पैसों को लेकर दिलीप से विवाद चल रहा था। लालाराम ने ढाबा संचालक जयप्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर हत्या की प्लानिंग की थी। उन्होंने झारखंड के शूटर रवि वर्मा को सुपारी दी। कोर्ट ने विवेचना के बाद लालाराम बंजारे, जयप्रकाश गुप्ता और रवि वर्मा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

## एक नजर

*वनमंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा*

### हिम्मत है तो कांग्रेसी कहें कि किसी एक सीट पर वे जीतेंगे



**रायपुर.** लोकसभा चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है. वनमंत्री केदार कश्यप ने कांग्रेस को चुनौती देते हुए कहा, हिम्मत है तो कांग्रेसी कहें कि किसी एक सीट पर वे जीतेंगे. कांग्रेस नेताओं के तोते उड़ चुके हैं. कांग्रेस मरणासन्न हो चुकी है. अभी वे प्रत्याशी ढूंढ रहे, उसके बाद कार्यकर्ता ढूंढेंगे. फिर वोटर ढूंढ़ना होगा, तब तक चुनाव निकल जाएगा. लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा, भाजपा 365 दिन कार्य करती है. यह लोकतांत्रिक पार्टी है. एक व्यक्ति के कहने पर वाली पार्टी नहीं है. भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता कांग्रेस के बड़े से बड़े नेता को चुनौती दे सकता है. हमारी तैयारी पूरी है. लोकसभा का बिगुल बज चुका है. कांग्रेस के लोग कितनी तैयारी में है, नजर आ ही रहा है.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अकेले दौरे और बाकी नेताओं की निष्क्रियता को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने तंज कसते हुए कहा, दीपक बैज पीसीसी के अध्यक्ष हैं इसलिए जा रहे हैं. लोकसभा के बाद वह भी मिस्टर गायब हो जाएंगे. उनको भी ढूंढना पड़ेगा.

### चाकू लहराते युवक पकड़ाया

**रायपुर ।** तेलीबांधा पुलिस ने उद्योग भवन के पास चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि उद्योग भवन के पास एक युवक चाकू लहरा कर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गोपी साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### महादेव सट्टा केस- ज्यूडिशियल रिमांड पर नीतीश दीवान


## 14 दिन के लिए ऐप का पैनल ऑपरेटर जेल भेजा गया, अब तक 9 गिरफ्तार

रायपुर। महादेव सट्टा ऐप मामले में ED की हिरासत में चल रहे पैनल ऑपरेटर नीतीश दीवान को गुरुवार को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के बाद कोर्ट ने 14 दिनों के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अब अगली सुनवाई 13 मार्च को होगी।



दरअसल, सुनवाई के दौरान ED ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए नीतीश दीवान को 14 दिन ज्यूडिशियल रिमांड मांगी थी। जिसे स्वीकार कर लिया गया।

नीतीश दीवान 17 फरवरी को गिरफ्तार हुआ था। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया। ED ने 14 दिन की रिमांड मांगी थी। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने 8 दिन की कस्टोडियल रिमांड दी थी। इस मामले में अगली सुनवाई 24 फरवरी को हुई। इसके बाद 24 फरवरी को दोबारा उसे पेश किया, लेकिन विशेष अदालत से नीतीश दीवान को कोई राहत नहीं मिली। उसे तीन दिन के लिए जेल भेज दिया गया। फिर अगली पेशी 26 फरवरी को हुई जहां ED की नीतीश की रिमांड मिल गई।3 दिन तक ED की रिमांड के बाद अब फिर 14 दिन की ज्यूडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है।






### 9 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

वहीं, पीएमएलए 2002 के तहत की गई तलाशी के दौरान कुल चल संपत्ति 572.41 करोड़ रुपए जब्त किया गया है। दो अनंतिम कुर्की आदेश जारी किए गए हैं। जिनमें 142.86 करोड़ रुपए मूल्य की चल और अचल संपत्तियों को कुर्क किया गया है।

इस मामले में अभियोजन शिकायतें 20 अक्टूबर 2023 और 1 जनवरी 2024 को दर्ज की गई थी। अब तक 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### ये 13 आरोपी नहीं पहुंचे थे

26 फरवरी को महादेव सट्टा ऐप मामले में आरोपी बनाए गए 13 लोगों को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा था। जिसमें महादेव ऐप प्रमुख सौरभ चंद्राकर, रवि उप्पल, विशाल आहूजा, धीरज आहूजा, पूनाराम वर्मा, शिवकुमार वर्मा, यशोदा वर्मा, पवन नत्थानी, रोहित गुलाटी, अनिल अग्रवाल, शुभम सोनी समेत दो और लोग शामिल हैं। लेकिन वे कोर्ट नहीं पहुंचे थे। इनमें 4 लोग शिवकुमार वर्मा, यशोदा वर्मा, पूनाराम वर्मा, और सृजन एसोसिएट को 500 का जमानती वारंट जारी किया है। वहीं बाकी 9 लोगों को फिर से शामिल होने समन जारी किया गया है।

## कोयलीबेड़ा नक्सली मुठभेड़ के लिए कांग्रेस ने बनाई जांच कमेटी

### शिशुपाल सोरी समेत 7 सदस्य शामिल, 3 दिनों में PCC को सौपेंगे रिपोर्ट

**रायपुर।** कांकेर जिले के कोयलीबेड़ा में नक्सली मुठभेड़ में 3 ग्रामीणों की हुई मौत की जांच अब कांग्रेस पार्टी भी करेगी। प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने 7 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। जांच समिति घटनास्थल पर जाएगी और वहां की स्थिति की पूरी जानकारी लेकर पीसीसी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी के नेतृत्व में जांच समिति का गठन किया है। संभावना है कि कल समिति मौके पर जाकर वहां के लोगों से मुलाकात करेगी।

### ये हैं समिति के सदस्य

जांच समिति में पूर्व विधायक शिशुपाल सोरी संयोजक, पूर्व विधायक संतराम नेताम सदस्य, पूर्व विधायक शंकरलाल ध्रुव सदस्य, प्रदेश उपाध्यक्ष बीरेश ठाकुर सदस्य, प्रदेश महामंत्री नरेश ठाकुर सदस्य, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रूपसिंह पोटाई सदस्य और जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुभद्रा



सलाम सदस्य हैं।

### 3 दिन के भीतर जमा करेंगे रिपोर्ट

जांच समिति के सदस्यों से कहा गया है कि वे मौके पर जाएं और मृत ग्रामीणों के परिजनों से मुलाकात करें। घटनास्थल का जायजा और परिजनों से बातचीत के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर 3 दिन के भीतर इसे जमा करने के लिए कहा गया है।

पुलिस के साथ मुठभेड़ में 3 नक्सलियों के मारे जाने के पुलिस के दावे को ग्रामीणों और परिजनों ने झूठा बताया है। उन्होंने इसे सीधे हत्या बताया है। परिजनों और ग्रामीणों ने साक्ष्य के तौर पर बैंक पास बुक, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज भी पेश किए हैं।

## गो सेवक साधराम यादव हत्याकांड की जांच करेगी एनआईए

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कवर्धा में गो सेवक साधराम यादव की हत्या की जांच एनआईए से कराने की घोषणा की है।



सीएम साय ने की घोषणा

साधराम को न्याय दिलाने के लिए सीएम साय ने बड़ा फैसला लिया है। गोसेवक साधराम यादव को न्याय दिलाने के लिए सरकार एनआईए जांच की सिफारिश करेगी। बता दें कि कवर्धा में 20 जनवरी को गौ सेवक साधराम यादव की कथित तौर पर एक विशेष समुदाय के छह लोगों ने हत्या कर दी थी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पिछले दिनों साधराम यादव की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गई थी। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये कम है। साधराम जी के परिजन आज न्याय मांगने के लिए आए हैं। प्रकरण में दोषियों की गिरफ्तारी हो गई है। साधराम जी के परिजनों की मांग है कि घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और कड़ी से कड़ी सजा दोषियों को मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम इस घटना की जांच को एनआईए को सौपेंगे, ताकि घटना की सूक्ष्मतापूर्वक जांच हो सके। इस दौरान प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा उपस्थित थे।

## रायपुर में गांजा की तस्करी पकड़ी गई, दो गिरफ्तार

**रायपुर ।** गांजा की तस्करी करने वालों को खरोरा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि मानस तिवारी पिता मनोज तिवारी ग्राम सारागांव निवासी ग्राम पिकरीडीह पुलिया मोड़ के पास मेनरोड में अपने पास बैगनी-गुलाबी रंग के प्लास्टिक झोला में बिक्री करने हेतु अवैध रूप से गांजा रखकर ग्राहक का इंतजार कर रहा है, जिस पर सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर आदेशानुसार तत्काल टीम तैयार कर रवाना होकर आरोपी मानस तिवारी को अवैध रूप से बिक्री करने हेतु अपने पास एक बैगनी-गुलाबी रंग के प्लास्टिक झोला के अंदर मादक पदार्थ गांजा रखे पकड़ा गया।

### सोलर होमलाइट से कोंटा के दूरस्थ गांवों के बच्चों में फैलेगा शिक्षा का उजियारा

## उज्ज्वल होगा बच्चों का भविष्य, बस्तर का पूर्ण विकास है हमारी प्राथमिकता-मुख्यमंत्री

**रायपुर।** सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता हर दिन के कार्यकलापों की बारीकियों में दिखती है। जब सुकमा जिले के कोंटा गांव से आए स्कूली बच्चे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से मिले तो उन्होंने बच्चों को सोलर होम लाइट उपहार में दिए।

ये बच्चों के जीवन में शिक्षा का उजियारा फैलाएंगे और बच्चों को तकनीक से जुड़ने की सीख भी देंगे कि कैसे उनकी प्राकृतिक दुनिया के साथ ही आधुनिक दुनिया भी चमत्कार से भरी है दोनों से सीखते चलें तो उज्ज्वल भविष्य का रास्ता स्वत: खुलता जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने आज राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल परिसर में सुकमा के सुदूर अंचल



के 50 विद्यार्थियों को सोलर होम लाइट संयंत्र का वितरण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि हमारी सरकार का प्रयास है कि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो।

बस्तर का पूर्ण विकास हमारी प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ सरकार बस्तर के आदिवासी अंचल के नागरिकों को सभी सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर के विकास के लिए हमने नियद नेल्ला नार- आपका अच्छा गांव योजना शुरू की है। इस योजना का मकसद है की शासन के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ आदिवासी अंचल में रह रहे लोगों को सुगमता से मिले।

## कांग्रेस शासनकाल में स्वीकृत रुके हुए सभी कार्य निरस्त

### दोबारा शुरू करने लेनी होगी अनुमति

**रायपुर।** कांग्रेस शासनकाल में नगरीय प्रशासन विभाग से स्वीकृत सभी अप्रारंभ कार्य निरस्त कर दिए गए हैं। इन कार्यों को दोबारा शुरू करने के लिए नगरीय प्रशासन विभाग से अनुमति लेनी होगी।

प्रदेश के नगरीय निकायों में वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक स्वीकृत अप्रारंभ कार्यों को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में पुन: स्वीकृति के बाद ही प्रारंभ किए जा सकेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगमों के आयुक्त तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी परिपत्र में कहा है कि राज्य सरकार ने शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने के संबंध में समय-सीमा



पर निर्देश जारी किए गए हैं।

इसी अनुक्रम में वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से वित्त विभाग द्वारा पुन: निर्देश जारी किए गए हैं। विभाग ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में प्राथमिकता वाले अप्रारंभ व निरस्त कार्यों को वर्ष 2023-24 के प्रस्ताव में पुन: शामिल कर स्वीकृति के लिए संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण भेजने को कहा है। परिपत्र में सभी नगरीय निकायों को निर्देशित किया गया है कि इस परिपत्र के जारी होने के दिनांक से राज्य बजट से वित्त पोषित सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यों को वित्त विभाग की पुन: सहमति के उपरांत ही प्रारंभ किया जाए। अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 में स्वीकृत ऐसे कार्य जो अप्रारंभ हैं, उन्हें निरस्त किया जाता है।

### *नवा रायपुर, रायपुर व अन्य जिलों में कई प्रोजेक्ट*

*नगरीय प्रशासन विभाग के तहत रायपुर, नवा रायपुर व अन्य जिलों में कई प्रोजेक्ट की लांचिंग की गई, जिसका उद्घघाटन पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुआ। इनमें नवा रायपुर में बनने वाला शहीद स्मारक व सेवाग्राम भी शामिल हैं।*

## पहली सूची में छत्तीसगढ़ के पांच सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान कर सकती है भाजपा

रायपुर. छत्तीसगढ़ में लोकसभा की 11 सीटों में से करीब पांच सीटों पर बीजेपी अपने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान पहली सूची में कर सकती है. दिल्ली में आज केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों पर मंथन होना है.




बैठक में 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हारी हुई सीटों पर चर्चा होने की संभावना है. बता दें कि 2019 के चुनाव में बीजेपी को 9 सीटों पर जीत मिली थी. वहीं कांग्रेस के खाते में केवल दो सीटें आई थीं.

दुर्ग से सांसद विजय बघेल को पार्टी एक बार फिर मैदान में उतार सकती है. विजय बघेल ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ा था. विजय बघेल ने पाटन सीट से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, जबकि इस सीट को बीजेपी कठिन मानकर चल रही थी. विजय बघेल ने दमदारी से चुनाव लड़ा. यही वजह है कि पार्टी उन्हें टिकट देकर उपकृत कर सकती है. हालांकि विजय बघेल के अलावा जिन नामों को लेकर चर्चा है उनमें जीतेंद्र वर्मा और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय का नाम भी शामिल है. राजनांदगांव लोकसभा सीट से पूर्व सांसद मधुसूदन यादव की मजबूत दावेदारी सामने आई है. कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो मधुसूदन को पार्टी टिकट दे सकती है. हालांकि इस सीट से वर्तमान सांसद संतोष पांडेय की दावेदारी बरकरार है. लोधी समाज से आने वाले कोमल जंघेल का नाम भी चर्चाओं में लिया जा रहा है. इसके अलावा गोपाल साहू का नाम भी चर्चा में है. बिलासपुर लोकसभा सीट को लेकर सर्वाधिक दावेदारी सामने आई है. इनमें पूर्व मंत्री और विधायक अमर अग्रवाल, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, शील साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पांडेय, पार्षद राजेश सिंह और पूर्व महापौर किशोर राय के नाम चर्चा में सामने आए हैं. बस्तर लोकसभा सीट के लिए कोंडागांव विधानसभा सीट से विधायक चुनी गई लता उसेंडी एक मजबूत चेहरे के रूप में देखी जा रही है. हालांकि दौड़ में दंतेवाड़ा के पूर्व विधायक दिवंगत भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी मंडावी का नाम भी चर्चा में रहा है. वहीं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप भी एक मजबूत चेहरे के रूप में देखे जा रहे हैं. सुभाऊ कश्यप भी दावेदारों की फेहरिस्त में शामिल हैं. संगठन के जानकार बताते हैं कि इन सब में लता उसेंडी का पलड़ा सबसे भारी दिखता है.

कोरबा सीट को लेकर पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय का नाम तेजी से सुर्खियों में रहा है. हाल ही में राज्यसभा सांसद के रूप में उनका कार्यकाल खत्म हुआ है. सरोज पांडेय की कोरबा में बढ़ी सक्रियता भी उनकी मजबूत दावेदारी की ओर इशारा कर रही है. हालांकि दावेदारी की दौड़ में विकास महतो एक बड़े दावेदार के रूप में देखे जा रहे हैं. विकास पूर्व सांसद बंशीलाल महतो के बेटे हैं. साल 2018 के विधानसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस के जयसिंह अग्रवाल ने शिकस्त दी थी।

# अधिकतम मतदान के जरिये ही देश की राजनीति को सुधारा जा सकता है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है।

इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषत: विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई



अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जन ंति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है।

मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आह्वान एक क्रांतिकारी शुरुआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है। अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रुख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षों बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते। भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है।

ललित गर्ग

## संपादकीय

### पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच

एआई2 माइक्रोसिस्टम्स एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है।

रूस पर लगे नए पश्चिमी प्रतिबंधों की आंच भारत तक पहुंच गई है। रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवालनी की मौत और यूक्रेन युद्ध के दो साल पूरा होने के मौके पर अमेरिका और यूरोपियन यूनियन (ईयू) ने रूस और उससे कारोबार कर रही विदेशी कंपनियों पर नए प्रतिबंध लगा दिए। इस बार उन्होंने भारतीय कंपनियों को नहीं बख्शा, जबकि उसके पहले तक आम तौर पर रूस पर लगे प्रतिबंधों से भारत अछूता रहा था। ईयू के ताजा प्रतिबंधों के दायरे में सेमीकंडक्टर अनुसंधान से जुड़ी चेन्नई स्थित कंपनी एआई2 माइक्रोसिस्टम्स भी आई है। इस कंपनी की भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना तकनीक मंत्रालय के साथ सहभागिता है। इस रूप में कहा जा सकता है कि परोक्ष रूप से ईयू के प्रतिबंधों के दायरे में भारत सरकार भी आ गई है। एआई2 माइक्रोसिस्टम्स के रूसी कंपनियों के साथ कारोबारी रिश्ते बताए जाते हैं। एक अखबार की खबर के मुताबिक उस पर एवं अन्य कंपनियों पर लगे प्रतिबंधों का भारत पर क्या असर होगा, इसका भारत सरकार अभी आकलन कर रही है। इस बीच मीडिया में ऐसी खबरें भी आई हैं कि भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात नए प्रतिबंधों से प्रभावित होने लगा है। गुजरे दो साल में रूस के सस्ते कच्चा तेल को शोधित कर विश्व बाजार में बेचना कई भारतीय कंपनियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हुआ। लेकिन आम अंदाजा है कि 2024 में इसे जारी रख पाना कठिन हो जाएगा।

## डिजिटलीकरण के इस दौर में चुनौती बन रहे हैं वैश्विक बदलाव, जटिल होती गई है हदबंदी

वित्तमंत्री की अध्यक्षता में हाल ही में वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक हुई। यह परिषद की 28वीं बैठक थी। उल्लेखनीय है कि वित्तीय स्थिरता बनाए रखने, अंतर-नियामक समन्वय बढ़ाने और वित्तीय क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने की व्यवस्था को मजबूत और संस्थागत बनाने के लिए एफएसडीसी का गठन 2010 में एक शीर्ष निकाय के रूप में किया गया था। वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति का उच्च स्तर पर बने रहना, कमजोर वैश्विक मांग और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में व्यवधान वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे में परिषद के विचार-विमर्श को बढ़ती वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता, ब्रिटेन, जापान व कुछ अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में दस्तक देती मंदी के संदर्भ में ही देखा जाना चाहिए। बढ़ते वैश्विक कर्ज और वित्तीय बचत में गिरावट वाले परिदृश्य में वित्तीय स्थिरता संबंधी मुद्दे गंभीर रूप से महत्वपूर्ण हो गए हैं। भारत के लिए भी कुछ चिंताएं अवश्य हैं, क्योंकि यहां का कर्ज-जीडीपी अनुपात, जो कोविड के दौरान अपने शिखर पर था, तेजी से गिरा जरूर है, लेकिन अब भी यह कोविड से पहले के समय की तुलना में ज्यादा है।

वृहत राजकोषीय स्थिरता पर नजर रखना एफएसडीसी के प्रमुख कार्यों में से एक है। ऐसे में, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 28 दिसंबर, 2023 को प्रकाशित वित्तीय स्थायित्व रिपोर्ट (एफएसआर) के प्रमुख निष्कर्षों का उल्लेख भी जरूरी है।

एफएसआर दरअसल एफएसडीसी की एक उप-समिति की रिपोर्ट है, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय बैंक के गवर्नर करते हैं। एफएसआर के जो निष्कर्ष होते हैं, वे दरअसल वित्तीय स्थिरता के जोखिमों और भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन पर एफएसडीसी की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को ही प्रकट



वृहत राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने और घरेलू क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले प्रणालीगत जोखिमों को कम करने के लिए 2022-23 की चौथी तिमाही में देखी गई बचत में वृद्धि को समय के साथ बनाए रखने और बढ़ाने की भी जरूरत है। खासकर जब घरेलू देनदारियां बढ़ रही हों, तब इस क्षेत्र में भविष्य के वित्तीय जोखिमों के संबंध में सक्रिय उपाय और निरंतर निगरानी बेहद महत्वपूर्ण है।

करते हैं।

उप-समिति का कहना है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी वृद्धि के खतरे, बढ़ते सार्वजनिक कर्ज, बढ़ते आर्थिक विखंडन और लंबे खिंचते भू-राजनीतिक संघर्षों जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। रिपोर्ट में इस पर भी प्रकाश डाला गया कि घरेलू नियामक उपाय वित्तीय प्रणाली के प्रणालीगत जोखिमों को कम करते हुए किस प्रकार से ग्राहक सुरक्षा, सुरक्षित डिजिटलीकरण और वित्त के विस्तार जैसी दूसरी चीजों में सुधार पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। वृहत राजकोषीय जोखिम विश्लेषण पर एफएसआर की रिपोर्ट कहती है कि भारत में वित्तीय बचत में गिरावट के साथ-साथ परिवारों की वित्तीय देनदारियों में तेज बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार 2021-22 और 2022-23 के बीच जीडीपी अनुपात में वित्तीय देनदारियां 3.8 से लेकर 5.8 फीसदी तक पहुंच गईं। हालांकि रिपोर्ट में यह भी देखा गया कि शुद्ध घरेलू वित्तीय बचत 2022-23 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद का सात फीसदी हो गई, जो पिछली तिमाही में जीडीपी का चार फीसदी थी। एफएसडीसी के हालिया विचार-विमर्श को एफएसआर के निष्कर्षों के सामने रखकर ही देखना चाहिए। वृहत राजकोषीय स्थिरता बनाए रखने और घरेलू क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले प्रणालीगत जोखिमों को कम करने के लिए 2022-23 की चौथी तिमाही में देखी गई बचत में वृद्धि को समय के साथ बनाए रखने और बढ़ाने की भी जरूरत है। खासकर जब घरेलू देनदारियां बढ़ रही हों, तब इस क्षेत्र में भविष्य के वित्तीय जोखिमों के संबंध में सक्रिय उपाय और निरंतर निगरानी बेहद महत्वपूर्ण है। चूंकि घरेलू बचतें निजी क्षेत्र में निवेश के लिए वित्त का प्रमुख स्रोत हैं, और समग्र सरकारी उधार कार्यक्रम का आधार भी हैं, इसलिए भारत के समग्र व्यापक आर्थिक प्रदर्शन में इनकी भूमिका पर जरूरत से ज्यादा जोर नहीं दिया जा सकता। निजी क्षेत्र को ज्यादा संसाधन उपलब्ध कराने के लिए राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर ज्यादा ध्यान देना होगा, खासकर जब घरेलू वित्तीय बचत में गिरावट दिख रही हो। राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के लिहाज से अंतरिम बजट 2024-25 के आंकड़े उत्साहवर्धक हैं। हालांकि सरकारी कर्ज में निरंतर कमी सार्वजनिक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले राजकोषीय जोखिमों को कम करने में प्रमुख भूमिका निभाएगी।

पिनाकी चक्रवर्ती

## मिला जुला

### एक नजर

#### झारखंड के देवघर जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर बाबा परिहस्त की मौत

**देवघर** । झारखंड के देवघर जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर बाबा परिहस्त का गुरुवार तड़के तीन बजे निधन हो गया। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात खून की उल्टियां होने के बाद उसे गंभीर हालत में हॉस्पिटल ले जाया गया था, जहां थोड़ी देर में ही उसने दम तोड़ दिया।

बाबा परिहस्त देवघर में आतंक का पर्याय था। उसके खिलाफ हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज थे। उसे 22 दिसबंर 2022 को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

#### मजबूरी में शेख शाहजहां को किया गया गिरफ्तार

**नई दिल्ली** । पश्चिम बंगाल भाजपा के सह प्रभारी एवं भाजपा आईटी सेल के हेड अमित मालवीय ने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि कोई विकल्प नहीं बचने पर उन्हें शेख शाहजहां को गिरफ्तार कराना पड़ा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि छिपने के 50 दिन बाद शेख शाहजहां की गिरफ्तारी से ममता बनर्जी की राजनीति पर भी कई सवाल खड़े होते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के राज में बंगाल सुरक्षित नहीं है, खासकर महिलाएं, इसलिए उन्हें सत्ता से हटाने की जरूरत है।

#### दुकान में आग लगने से दो मजदूरों की मौत, एक घायल

**नारनौल** । बीती रात करीब एक बजे पुरानी अनाजमंडी स्थित खल बिनौलों की दुकान में आग लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से झुलस गया। उसे उपचार के लिए पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। इस घटना में करीब एक करोड़ रुपये के खल बिनौले और दुकान के सामान का नुकसान होने की बात कही जा रही है। आग को बुझाने के लिए दमकल गाड़ियों को बुलाया गया।

### हिमाचल में कांग्रेस के सभी 6 बागी विधायक अयोग्य घोषित

व्हिप के उल्लंघन पर स्पीकर ने लिया एक्शन

शिमला । हिमाचल प्रदेश के छह बागी विधायकों पर बड़ा एक्शन हुआ है। सभी छह विधायकों की विधायिकी बर्खास्त कर दी गई है। हिमाचल विधानसभा के स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला में प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।




कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि तीन पेज का एक डिटेल ऑर्डर जारी किया गया है। स्पीकर कुलदीप पठानिया ने कहा कि मैंने ट्रिब्यूनल के तहत यह फैसला किया है।

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि छह माननीय जो हमारे हैं, उन्होंने चुनाव कांग्रेस पार्टी से लड़ा था। एंटी डिफेक्शन लॉ की पटीशन दायर हुई है। इसी संदर्भ में याचिका संसदीय मंत्री की तरफ से आई है। सभी बागियों को सुनवाई का मौके दिए गए। विरोधी वकील को कहा कि नौ बजे तक सुनवाई चल सकती थी लेकिन छह बजे तक सुनवाई हुई और रिकॉर्ड पेश किया गया। वकील सतपाल जैन ने समय मांगा था। फैसले के बारे में पठानिया ने कहा कि फैसला पब्लिक डोमेन में हैं।

पठानिया ने कहा कि व्हिप जारी किया गया था। विधायक सदन में मौजूद नहीं थे। बजट के दौरान भी नहीं मौजूद थे। सनुवाई के दौरान भी ये विधायक व्यक्तिगत तौर पर पेश नहीं हुए हैं। स्पीकर ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट और अन्य कोर्टों के पूर्व में हुए फैसलों का अध्ययन किया गया और फैसला दिया गया है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के छह विधायक बागी हुए हैं। इनमें धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, सुजानपुर के राजिंदर राणा, हमीरपुर के बड़सर से इंद्र दत्त लखनपाल, ऊना के गगरेट से चैतन्य शर्मा, ऊना के कुटलेहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और लाहौल स्पीति से रवि ठाकुर शामिल हैं। इन सभी छह कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन के पक्ष में वोट डाला था। साथ ही ये बजट पास करने के दौरान भी सत्र में नहीं पहुंचे थे, जबकि व्हिप जारी किया गया था।

### सोलर रूफ टॉप स्कीम पर मोदी सरकार का बड़ा फैसला

## एक करोड़ परिवार कमाएंगे 30 हजार महीना





नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने रूफटॉप सोलर स्कीम के लिए 75 हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की है।

इस स्कीम से देश के एक करोड़ परिवारों को फायदा पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में हुए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा, पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई मीटिंग में यह फैसला हुआ है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी गई है। इससे एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त में हर महीने मिल सकेगी। इस स्कीम के तहत प्रति एक किलोवॉट सिस्टम पर हर परिवार को 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिलेगी। इसके अलावा 2 किलोवॉट सिस्टम के तहत 60 हजा रुपये की सब्सिडी मिलेगी।

### एमपी के डिंडौरी में पिकअप पलटी, 14 की मौत:20 घायल

टर्निंग पर अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में गिरा वाहन

**डिंडौरी।** डिंडौरी में एक पिकअप वाहन पलटने से 14 लोगों की मौत हो गई। 20 लोग घायल हैं। वाहन में 35 लोग सवार थे। हादसा शहपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच हुआ। मृतकों में 6 पुरुष और 8 महिलाएं शामिल हैं। सभी की उम्र 16 से 60 वर्ष के बीच है। इनमें सात लोग अम्हाई देवरी के



हैं। दो पोंडी और एक-एक शव धमनी व सजनिया ले जाए गए हैं।

पुलिस ने पिकअप ड्राइवर अजमेर टेकाम निवासी करोंदी को हिरासत में ले लिया है। पिकअप अजमेर की पत्नी के नाम रजिस्टर्ड है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम ने बताया कि पिकअप अमाही देवरी गांव से मंडला जिले के मसूर घुघरी गांव गई थी। लौटते समय एक टर्निंग पर पिकअप पलटी और 20 फीट नीचे खेत में जा गिरी।

### गिरफ्तारी के बाद शेख शाहजहां को TMC ने सस्पेंड किया

कहा- एक पार्टी सिर्फ बोलती है, तृणमूल जो कहती है वो करती है

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं से यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपी TMC नेता शेख शाहजहां को टीएमसी ने 6 साल के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया है। पार्टी के फैसले का ऐलान करते हुए टीएमसी लीडर डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि एक पार्टी है, जो सिर्फ बोलती रहती है। तृणमूल जो कहती है, वो करती है।

शेख को बंगाल पुलिस ने गुरुवार सुबह नॉर्थ 24 परगना के



मीनाखान इलाके से उसे गिरफ्तार किया था। वह 55 दिन से फरार था। पुलिस ने उसे बशीरहाट कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। साउथ बंगाल के ADG सुप्रतिम सरकार ने कहा कि वह 5 जनवरी को ED अफसरों पर हुए हमले के मुख्य आरोपियों में शामिल था। उसे इसी मामले में गिरफ्तार किया गया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ED की टीम पर हमले में शेख शाहजहां ने अपनी भूमिका कबूल कर ली है। गिरफ्तारी के तुरंत बाद शेख शाहजहां के वकील जमानत के लिए हाईकोर्ट पहुंचे। कोर्ट ने कहा, उसे गिरफ्तार ही रहने दो। अगले 10 साल तक ये आदमी आपको बहुत व्यस्त रखेगा। आपको इस केस के अलावा कोई और चीज देखने का मौका नहीं मिलेगा। उसके खिलाफ 42 केस दर्ज हैं। वो फरार भी था।

# प्राथमिक शाला नवामुडा में वार्षिकोत्सव के साथ न्यौता भोजन का भव्य आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़ – लैलूंगा।




रायगढ़ जिले के अंतर्गत विकास खण्ड लैलूंगा के वनांचल क्षेत्र में बसे शासकीय प्राथमिक शाला नवामुड़ा (लमडांड़ ) में संचालित है, जो की हमारे छत्तीसगढ़ राज्य का अंतिम छोर में बसा हुआ गाँव है । और पड़ोसी राज्य उड़ीसा सीमा से लगा हुआ है । जहाँ पर प्राय: धनवार और उरांव जनजाति के लोग निवास करते हैं । वर्तमान समय में मोहल्ले की जनसंख्या लगभग 210 है । जिसमें संस्था में कुल 22 बच्चे अध्ययनरत हैं इतना छोटा सा मोहल्ला होते हुए भी प्रधान पाठक नंदकिशोर सतपथी के मार्गदर्शन में शाला विकास समिति के सहयोग से शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन भली भांति किया जा रहा है । जिसमें बच्चों के साथ-साथ पालकों के द्वारा भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है । इसी तारतम्य में 28 फरवरी 24 को शाला में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया था । जिसमें प्रात: 8:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक का कार्यक्रम चला जिसमें प्रथम सत्र में प्रात: 8:30 बजे से 12:30 बजे तक बच्चों एवं महिलाओं का खेलकूद का आयोजन किया गया था । जिसमें बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, रस्सी कूद, जलेबी दौड़, घड़ा दौड़, मटका फोड़, रिंग टास्क, रस्सा कस्सी के साथ – साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । उसके पश्चात आदिवासी स्व. सहायता समूह नवामुड़ा के द्वारा न्यौता भोज का आयोजन सभी बच्चों, अतिथियों एवं पालकों के लिए किया गया । जो कि बहुत ही स्वादिष्ट व सराहनीय रहा उसके पश्चात प्रथम सत्र का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । द्वितीय सत्र में छत्तीसगढ़ महतारी के शैल्य चित्र पर अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । जिसमें बच्चों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई, जिसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी एवं नशामुक्ति से संबंधित एकांकी व नृत्य कक्षा 1 व 2 के बालिकाओं द्वारा किया गया । जो बहुत ही सुंदर और आकर्षक रहा, अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों एवं महिलाओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन होना कोई आसान काम नहीं है । जिसको प्रधान पाठक सतपथी ने कर दिखाया है । इनकी मेहनत और कर्तव्य निष्ठा के कारण आज ये पूरे शाला समिती एवं पालकों व बच्चों के चहेते हैं । उक्त कार्यक्रम में सहायक शिक्षक सदावर्ती का भी भरपूर सहयोग रहा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत लमडांड के सरपंच श्रीमती राधिका डेल्की, विशिष्ट अतिथि पी.आर. सतपथी उप सरपंच, चमरा राम प्रधान, चैतराम सिदार, पुष्पा बेहरा, फूलो डेल्की, जुगलाल डेल्की, कहरचुआं के प्रधान पाठक जगमोहन पटेल, आदिवासीपारा के प्रधान पाठक संतोष चौहान, तोलगे के संस्था प्रमुख सुजाता भोय, विजय सिदार, की उपस्थिति एवं महत्वपूर्ण योगदान रहा । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल शैक्षिक समन्वयक दयाराम बेहरा के द्वारा किया गया ।

कार्यक्रम में भोजन व्यवस्था महिला समूह द्वारा एवं सुबह तथा शाम का चाय नाश्ता की व्यवस्था शाला विकास समिति की ओर से किया गया था । जो बहुत ही प्रशंसनीय, सराहनीय एवं अनुकरणीय रहा कार्यक्रम को सफल बनाने में शाला विकास समिति के अध्यक्ष जोसेफ बड़ा, शिक्षा विद सेम खलखो, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जसिंता किंडो के साथ – साथ सभी महिला समिति, पालक व शाला विकास समिति के सभी सदस्यों की अहम भूमिका रही ।

## एक नजर

### प्राइवेट स्कूलों में RTE (शिक्षा के अधिकार) के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 01 मार्च 2024 से प्रारम्भ

**दंतेवाड़ा** । शिक्षा के अधिकार धारा 12 के तहत दंतेवाड़ा जिले के अंतर्गत संचालित निजी स्कूलों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट, बीपीएल (गरीबी रेखा के नीचे) परिवारों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अनाथ, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव तथा मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रखी गयी है। जिसमे सत्र 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन 01 मार्च 2024 से शुरू हो जायेंगे। ऑनलाइन आवेदन हेतु त्र्म् के वेबसाइट http:eduportal.cg.nic.in/RTE/ पर जाकर भरा जा सकता है। इस संबंध में लोगों से अपील किया गया है कि यदि आपके आसपास ऐसे परिवार है, तो उन तक इस योजना की जानकारी पहुँचाए, ताकि उनको इस योजना का लाभ मिल सकें। प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन हेतु सम्बन्धित दस्तावेज जैसे कि जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र तथा जिस वर्ग में आते हैं उससे संबंधित प्रमाण पत्र कैसे बीपीएल सर्वे सूची या जाति प्रमाण पत्र या मेडिकल प्रमाण पत्र अनिवार्य रहेंगे शिक्षा के अधिकार धारा 12 से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए इंडस एक्शन के हेल्पलाइन नंबर 011-411-32689 में मिस कॉल किया जा सकता है। आनलाइन आवेदन के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 01 फरवरी से 28 फरवरी 2024 तक छात्र पंजीयन (आवेदन),सत्यापन 01 मार्च से 15 अप्रैल 2024 तक नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जाँच,18 अप्रैल से 17 मई 2024 तक लॉटरी एवं आवंटन, प्रक्रिया एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया, 01 जून से 30 जून 2024 तक होगा। द्वितीय चरण में नवीन स्कूल पंजीयन (आवेदन) 15 जून से 30 जून 2024, जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून 2024, छात्र पंजीयन (आवेदन)01 जुलाई से 08 जुलाई 2024, नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जाँच, 09 जुलाई से 15 जुलाई 2024 लॉटरी एवं आवंटन, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 17 जुलाई से 20 जुलाई 2024, तक होगा इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए उक्त विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

जग्गी हत्याकांड

### लंबी बहस के बाद हाईकोर्ट का फैसला सुरक्षित

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के मशहूर जग्गी हत्याकांड मामले में अंतिम सुनवाई पूरी हो चुकी है। 2 दिन चली लंबी बहस के बाद हाई कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब इस केस में अदालत कभी भी अपना फैसला जारी कर सकती है। पूरे मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच द्वारा की गई।

### सहायक ब्लाक शिक्षा अधिकारी ने कीटनाशक खाकर की खुदकुशी

**कवर्धा।** सहायक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली. मृतक रवि क्षत्रीय बोड़ला विकासखंड के शिक्षा विभाग में 6 साल से पदस्थ था. बुधवार शाम को अज्ञात कारण के चलते उसने कीटनाशक खाकर सुसाइड कर लिया। उसने जिला हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. फिलहाल बोड़ला पुलिस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि ऐसा ही एक मामला और समाने आया है. जिसमें कवर्धा के ही जिला पंचायत ष्टश्वह्र संदीप अग्रवाल के सुरक्षाकर्मी कृष्ण कुमार साहू ने अपने सर्विस गन से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. कृष्ण कुमार साहू छठवीं बटालियन के जवान थे. जवान रात में सीईओ संदीप अग्रवाल के पास ड्यूटी में था.

### बोर्ड परीक्षा में अव्वल आने वाले छात्रों को विधायक देंगी स्कूटी व बाइक

**मनेन्द्रगढ़।** पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री विधायक रेणुका सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी व बाइक देने की घोषणा की है। विधायक रेणुका सिंह ने अपने भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 10 वी व 12 वी में अव्वल आने वाले छात्रों को स्कूटी या बाइक देने का ऐलान किया है। विधायक ने कहा है कि ऐसे ऐलान से छात्रों में पढ़ाई के प्रति लगाव बढ़ेगा। भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा है कि, प्रदेश मे कल से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हो रही है। शुक्रवार से 12 वी की व शनिवार से 10 वी की बोर्ड परीक्षा शुरू हो रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि विद्यार्थी इस बार पूर्व से भी ज्यादा अच्छे परिणाम लायेंगें एवं अपने क्षेत्र का गौरव बढ़ाएंगे। सभी परीक्षार्थियों की सफलता के लिए मेरी बहुत-बहुत शुभकामनाएँ है। मेरे विधानसभा क्षेत्र भरतपुर सोनहत में शिक्षा के प्रति लोगो को जागरूक करने के लिए ऐसी घोषणा होने से वनांचल क्षेत्र के बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और अव्वल आने भरसक प्रयास करेंगे। रेणुका सिंह ने छात्रों से खूब मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ने की अपील करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

#### बिना किसी तनाव के दे परीक्षा

पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व भरतपुर सोनहत विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, परीक्षा के समय किसी प्रकार का घबराहट व डर मन में न पाले छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मैं उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं। प्रदेश के बच्चों को कहना चाहूंगी कि आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हो, कोई भी छात्र हताश या निराश न हो, आने वाला समय आपका होगा। सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ते रहे, सभी बेटे व बेटियों को शुभकामनाएं

## प्रतिष्ठित पुरातत्वविद् एवं पद्मश्री से सम्मानित अरुण कुमार शर्मा के निधन पर वित्त मंत्री ओपी ने शोक जताया

छत्तीसगढ़ महतारी ने खोया सच्चा सपूत

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित पुरातत्वविद् एवं पद्मश्री से सम्मानित अरुण कुमार शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए रायगढ़ विधायक सूबे के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा छत्तीसगढ़ महतारी ने सच्चा सपूत खो दिया। अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला जन्मस्थल व सिरपुर में उत्खनन में उनके अमूल्य योगदान को कभी विस्मृत नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ के पुरातत्ववेत्ता पद्मश्री अरुण कुमार शर्मा की मांग पर ही अयोध्या में राम जन्म भूमि पर खुदाई कराई गई थी। अरुण शर्मा की मांग पर कराई गई खुदाई में मिले अवशेषों के रिसर्च के आधार पर कोर्ट में मंदिर होने के सबूत पेश किए गए थे। यही सबूत राम मंदिर के पक्ष में फैसले का मजबूत आधार भी बने। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का अवसर उनके जीवन के सर्वाधिक खुशी का क्षण रहा। पुरातत्व से जुड़े विषयों पर अरुण शर्मा द्वारा लिखी गई 35 से ज्यादा किताबें संग्रहणीय है। स्वर्गीय अरुण शर्मा द्वारा अंग्रेजी में लिखित आर्कियोलॉजिकल एविडेंस इन अयोध्या केस नामक किताब में अयोध्या मामले में खुदाई के दौरान मिले सभी साक्ष्यो का संग्रह है। 2017 के दौरान भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित किये गए अरुण शर्मा छत्तीसगढ़ शासन के पुरातात्विक सलाहकार भी रहे। ना केवल छत्तीसगढ़ अपितु देश के विभिन्न जगहों पर भी पुरातात्विक सर्वेक्षण और उत्खनन में भी उनकेमहत्वपूर्ण योगदान रहा। वित्त मंत्री चौधरी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की कामना की है।

## एशप्रा स्किल्स के द्वारा शुरू किया गया जिले का पहला विश्वकर्मा प्रशिक्षण केंद्र

जिले के विश्वकर्मा हो सकेंगे लाभान्वित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



भारत सरकार की एमएचएमई, वित्त तथा कौशल विकाश एवं उद्यमता तीनों मंत्रालय की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का एस्प्रा स्किल ने विधिवत शुभारंभ किया। आज प्रथम दिवस प्रशिक्षण में विश्वकर्माओं का उत्साह वर्धन हेतु उद्योग विभाग के महाप्रबंधक एमएस पैंकरा, पत्थलगांव जनपद पंचायत सीईओ पवन पटेल एवं सीएससी के जिला प्रबंधक विश्वजीत पंडा उपस्थित थे।

इस दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षु पुस्तिका का वितरण किया गया। विश्वकर्माओं के कौशल और प्रशिक्षण की गुणवत्ता जांच हेतु विश्वकर्माओं का प्रायोगिक परीक्षण कराया। योजना के संबंध में जानकारी पूछी गई और उन्नत प्रशिक्षण एवं प्रबंधन हेतु एस्प्रा के प्रशिक्षक राजिया खातून और केंद्र प्रमुख तुषार शर्मा की सराहना की। उद्यम विभाग के महाप्रबंधक द्वारा विश्वकर्माओ को उद्यम मंत्रालय के अन्य योजनाओं से परिचित कराया गया। सीईओ जनपद पंचायत पवन पटेल द्वारा प्रशिक्षण उपरांत बैंक से लोन प्राप्त करने में सहयोग करने का आश्वासन प्रदान किया गया। सीएससी के जिला प्रबंधक विश्वजीत पंडा के द्वारा वित्त एवं व्यवसाय प्रबंधन में आधुनिक बैंक प्रणाली डिजिटल ट्रांजेक्शन के महत्व को समझाया गया। जल्द ही समस्त 18 व्यवसायों का प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जायेगा। विश्वकर्माओं को प्रशिक्षण के दौरान प्रति दिन 500 रुपए भत्ता 1000 रुपए यात्रा भत्ता एवं 15000 रुपए के टूल किट के साथ व्यावसायिक पंजीयन और 3 लाख रुपए 5 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण का लाभ मिल सकेगा।



## एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में छात्र क्षय रोग से हुए जागरूक



**दंतेवाड़ा** । जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी के मार्गदर्शन में केंद्र एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में क्षय रोग के प्रति जनजागरूकता चलाया गया। जिसमें देश के प्रधानमंत्री के मंशा अनुरूप 2025 तक क्षय मुक्त भारत लक्ष्य के तारतम्य में दंतेवाड़ा जिले में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय कुआकोंडा में विद्यार्थियों को क्षय रोग की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि क्षय एक संक्रामक बीमारी है जो कि हवा के माध्यम से सक्रिय जीवाणु एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को संक्रमित करते है। मुख्य रूप से क्षय दो प्रकार के होते है पल्मोनरी, एवं एक्स्ट्रा पल्मोनरी, क्षय रोग से संक्रमित व्यक्ति में लगातार दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, शाम को तेज बुखार आना, भूख कम लगना, लगातार वजन घटना, छाती में दर्द होना, रात को पसीना आना, बलगम के साथ खून आना।जैसे शुरुआती लक्षण पाए जाते है,इसके साथ ही इसके इलाज की भी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि इस बीमारी का सभी शासकीय अस्पताल में या निजी चिन्हित अस्पतालों में निशुल्क इलाज होता है।

## जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में

''गुब्बारा कार'' कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दंतेवाड़ा** । समग्र शिक्षा राज्य कार्यालय छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं दंतेवाड़ा जिला कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले के समस्त प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालय में 28 फरवरी को गुब्बारा कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालय ने राज्य शासन द्वारा प्रदान किए गए लाइफ एप में रजिस्ट्रेशन पूर्ण किया गया। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया में दंतेवाड़ा जिला राज्य में द्वितीय स्थान पर रहा। राज्य में बच्चों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत अनुभव आधारित शिक्षण एवं खेल-खेल में सीखने का अनुभव दिलाने के लिए विज्ञान दिवस के दिन 28 फरवरी को जिले के प्रत्येक गांव में प्राथमिक शाला के बच्चों द्वारा हर घर खिलौना कार अभियान का आयोजन किया गया। जिसके तहत राष्ट्रीय शिक्षा अभियान के ही दूसरे घटक एक दूसरे से सीखना या पीयर लर्निंग का उपयोग करने हेतु इस कार्यक्रम में बड़ी कक्षाओं के बच्चें ने छोटी कक्षाओं के बच्चों के साथ मिलकर उन्हें खिलौना कार बनाने में सहयोग किया।

## उरला थाना में मारपीट की घटना, एक की सर पर आई चोंट ईलाज जारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



राजधानी रायपुर में मारपीट की घटना आम हो गई है वही बात करें लोकल छत्तीसगढ़ियों की तो प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहारी लोगों के द्वारा छत्तीसगढ़िया लोगों को कंपनी के अंदर बंधक बनाकर मारा गया है जिसमें सिर वह हाथ पैर में गंभीर चोटे आई है। एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल भर्ती कराया गया है। इस प्रकार मारपीट की सूचना मिलते ही छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के साथियों के द्वारा थाना में जाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए बोला गया। जिसमें थाना प्रभारी के द्वारा डॉक्टरी मुलाज के बाद मामला दर्ज होने की बात कही है। खबर प्रकाशन होने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था आगे क्या होता है उसकी जानकारी अगले प्रकाशन में दी जाएगी।





## एसडीएम और बीईओ पहुंचे शासकीय कन्या माध्यमिक शाला पत्थलगांव न्योता भोज में हुए शामिल

सभी बच्चों के साथ किया भोजन, बच्चे हुए प्रसन्न

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में आज पत्थलगांव के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। एसडीएम पत्थलगांव और विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने सभी बच्चों के साथ भोजन पूर्व प्रार्थना कर सभी ने गुणवत्ता पूर्ण भोजन किया।







भोजन पश्चात् एसडीएम और बीईओ ने बच्चों को मिठाई एवं फल वितरण किए। बच्चों ने अधिकारियों को अपने बीच पाकर बहुत प्रसन्न हुए और हमेशा ऐसे अधिकारियों से मिलने की इच्छा जाहिर की। ताकि वो लगातार प्रेरित हो सके। इस दौरान शाला के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

# शराब प्लेसमेंट एजेंसी सुमित फैसिलिटी द्वारा किया जा रहा मनमानी, लोगों की जमानत राशि जमा करने के बावजूद नहीं वापस कर रहे

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़ सरकार के नियम अनुसार पूरे छत्तीसगढ़ में शराब बेचने के लिए पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा एक निजी कंपनी को टेंडर के माध्यम से शराब भट्टी का संचालन करने की जिम्मेदारी दी गई थी जिसमें अलग-अलग कंपनियां के द्वारा अपने जिले में काम करने के लिए कर्मचारी नियुक्त किये गए थे।


महाप्रबंधक CSMCL रायपुर

प्रति,
उपआयुक्त महोदय
आबकारी विभाग, रायपुर (छ.ग.)

विषय :- सुमित फैसलिटी कम्पनी में डी.डी. के रूप में जमा राशि को वापस दिलाने सूचना बाबत्।

महोदय,

विषयांतर्गत अवगत हो कि मैं गोविंद राम रात्रे पिता श्री मंतराम रात्रे निवासी - ग्राम- दतान, जिला-बलौदाबाजार एवं विरेन्द्र जांगड़े पिता नरेश जांगड़े निवासी - ग्राम-धौराभांठा, वि.खं.-आरंग, जिला-रायपुर, जो कि देशी मंदिरा दुकान गंजपारा में कार्य कर रहे थे। जिसे दिपावली से पहले दुकान से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

महोदय जी को अवगत हो कि सुमित फैसलिटी कम्पनी के द्वारा कार्य करने के लिए जमानत राशि के रूप में मेरे द्वारा गोविंद राम पिता मंतराम से 80,000/- रू. (अक्षरी अस्सी हजार रूपये) तथा विरेन्द्र पिता नरेश जांगड़े से 50,000/- रू. (अक्षरी पचास हजार रूपये) नगदी अनुज पासवान एवं रीतेश मिश्रा के द्वारा जमा कराया गया था तथा पैसा और फॉर्म ले जाकर सुमित फैसलिटी कम्पनी के कर्मचारी अंकुर के सामने खड़ा कराया गया और बोला गया था कि इनका पैसा व फॉर्म कम्पलीट है इनको कार्य दे दिया जाय किन्तु सारी दस्तावेज पूर्ण होने के बावजूद भी सुमित फैसलीटी कम्पनी के द्वारा किसी भी प्रकार का दस्तावेज (पावती) हमें नहीं दिया गया। हमारे द्वारा जब जमा रकम राशि की वापसी की बात किये तो बार-बार घुमाया जा रहा है।

अतः महोदय जी से निवेदन है कि सुमित फैसलिटी कम्पनी के द्वारा हमारी जमा रकम को जो कि 1,30,000/- रू. (अक्षरी एक लाख तीस हजार रूपये) है उसे वापस दिलाने की कृपा करें।

धन्यवाद

दिनांक : 15-2-2024

आवेदक
1. गोविंद राम रात्रे
पिता - मंतराम रात्रे
मो. - 7805088808
विरेन्द्र जांगड़े
पिता - नरेश जांगड़े

संलग्न :- दैनिक हाजरी की कॉपी।
प्रतिलिपि :- सुमित फैसलिटी कम्पनी, सिविल लाईन, रायपुर (छ.ग.)।

इस प्रकार शराब भट्टी में सुपरवाइजर सेल्समेन, के पद के लिए कार्य करने के लिए उनके एजेंट के द्वारा, एरिया मैनेजर के द्वारा लोगों को फोन के माध्यम से संपर्क करके कार्य ऑफ र करते हैं और कार्य करने की जानकारी दिया गया था। और साथ ही साथ डीडी अमानत राशि के रूप में पैसा जमा कराया गया था और कार्य पर लगा दिया गया था। लेकिन जो पैसा दिए थे उसका किसी भी प्रकार से पावती नहीं दिया गया जब कर्मचारी के द्वारा कमम छोड़ने के बाद पैसा मांगा जा रहा है तब कंपनी के द्वारा अधिकारी कंपनी में काम करने वाले लोगों के द्वारा बार-बार घुमाया जा रहा है। जिससे परेशान होकर आवेदक के द्वारा जिला आबकारी आयुक्त में सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के ऊपर पैसा वापस दिलाने की बात को लेकर शिकायत की है और, साथ ही साथ कंपनी के कर्मचारी अंकुर के द्वारा आवेदक को ऑफि स बुलाकर हमें किसी भी प्रकार का पैसा नहीं मिला है ऐसा बोला गया हैं, जीस पर आवेदक द्वारा बोला गया कि सर आपके सामने में फॉर्म के साथ पैसा भी जमा किया गया था तो आपने इनका इनका पैसा और फॉर्म कंप्लीट है क्या जीस पर कंपनी में काम करने वाले रितेश मिश्रा एरिया मैनेजर व अनुज पासवान द्वारा बोला गया कि इसका फॉर्म और पैसा कंप्लीट है। इसे काम में रख लिया जाए वैसे भी यह काम कर चुका है इस प्रकार बोलकर के काम में रखा गया और लेकिन आप बोल रहे हो कि पैसा हमें नहीं मिला है। जीस पर कंपनी के कर्मचारी अंकुर के द्वारा यह बात कबूला गया कि हमें सिर्फ 50000 ही प्राप्त हुए हैं बाकी के पैसा हमें प्राप्त नहीं हुआ है आप जिसे दिए हो उससे वसूल कर लो या उसके नाम पर अपराध दर्ज करा लो हम सभी का ठेका नहीं लिए हैं इस प्रकार की बातें बोल जा रहा हैं। जबकि आवेदक के द्वारा दो लोगों को नौकरी लगने के नाम पर वीरेंद्र जांगड़े 50000 गोविंद राम 80000 टोटल 130000 रुपए दिया गया।

### विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान उठा यह बात

अवगत हो की इस प्रकार की मामला विधानसभा में भी उठा जो प्लेसमेंट कंपनी है उनके कर्मचारीयों के द्वारा या प्लेसमेंट कंपनी के दबाव में पूरे छत्तीसगढ़ में ओवर रेटअधिक मूल्य पर शराब बेची जा रहे हैं और साथ ही साथ लोगों से इस प्रकार की जो निजी कंपनियां है वह पैसा वसूल रहे हैं इस प्रकार की कंपनियां को ब्लैक लिस्ट करने की भी बात उठ रही थी लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद भी इस प्रकार की कंपनियांके ऊपर किसकी छत्र छाया है जो छत्तीसगढ़ के भोले भाले लोगों से अपने एजेंट दलालों के माध्यम से डिमांड ड्राफ्ट के रूप में पैसा लेते हैं और उसे वापसी भी नहीं देते हैं और मांगने पर हमारा क्या बिगाड़ लोगे इस प्रकार का जवाब देना क्या उचित है।

### सरकार क्या कदम उठाती है जानते हैं अगली प्रकाशन में

इस प्रकार अपने हक व अधिकार के लिए पैसा ना मिलने पर आवेदक के द्वारा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना को इस बात के जानकारी दिया गया। जिस पर सेनानियों के द्वारा उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। तथा जिला आबकारी अधिकारी को आवेदन दिया गया।

### क्या कहते हैं जिला आबकारी अधिकारी

हमारे द्वारा कंपनी को निर्देशित किया गया है कि किसी भी लड़के से पैसा अमानत राशि के रूप में नहीं लेना है अगर इस प्रकार की शिकायतें आती है, तो निश्चित ही कार्यवाही कि जाएगी।

जिला आबकारी अधिकारी मंजू

* प्लेसमेंट कंपनी के अधिकारी द्वारा क्या बोला गया हमारे द्वारा 130000 की राशि की जानकारी हमें नहीं है हमें सिर्फ 50000 ही प्राप्त हुए हैं

अंकुर,सुमित फैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड

# अवैध रेत उत्खनन एवं ईंट निर्माण पर राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा की गई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



एसडीएम पाली एवं राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पाली तहसील के ग्राम नानपुलाली में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जिसमें रेत के अवैध उत्खनन में लगे 10 ट्रैक्टर,ट्रॉली जब्त की गई। इसी प्रकार तहसीलदार व नायब तहसीलदार पाली द्वारा पोड़ी पंचायत में अवैध रूप से कच्चे ईंट निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जिसके अंतर्गत पोड़ी में 2 ईट भट्ठे में 50-50 हजार ईंट तथा ग्राम पंचायत बुड़बुड़ में 40 हजार ईंट जब्त किया गया। उपरोक्त सभी मामलों में अनावेदकों के विरूद्ध विधिवत् कार्यवाही की जा रही है।



# बीईओ नरेश चौहान की सक्रियता से शिक्षकों को समय पूर्व वेतन भुगतान

## शिक्षकों एवम शैक्षिक संगठनों ने बीईओ का आभार जताया

जोहार छत्तीस्रढ़-बरमकेला।

बरमकेला शिक्षा विभाग में विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रूप में पदस्थापना के बाद से नरेश चौहान ने अपनी विशिष्ट कार्यशैली से पूरे जिले में एक अलग पहचान बनाए हैं।



समय की पाबंद एवम विभागीय कार्यों में अनुशासन बीईओ नरेश चौहान की कार्यशैली का महत्वपूर्ण अंग है। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता,समयबद्धता उनके प्रशासनिक दक्षता का परिचय देता हैं। विकासखंड में शिक्षा के विविध विधाओं में विकासखंड को एक नई आयाम देने विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश चौहान हरसंभव प्रयास कर रहें हैं। प्रशासनिक कामकाज,विद्यालयों की नियमित निरीक्षण, विभाग के कल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने बीईओ नरेश चौहान एवम उनकी टीम पूरी तन्मयता से जुटी है। शिक्षकों एवम स्कूली समस्याओं को तत्परता से निराकरण करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को बेहतर करने के लिए प्रेरित करना बीईओ नरेश चौहान की विभागीय उत्तरदायित्व एवम सामाजिक सहभागिता को दर्शाता है। सरकारी अमले मे कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को फरवरी मार्च माह मे आयकर रिटर्न एवम गणना पत्रक दाखिल करने,आयकर कटौती और अन्य वित्तीय नियमों के कारण वेतन भुगतान विलंब से होने के कारण कर्मचारी परिवारों को विभिन्न दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। परंतु इस बार विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश चौहान की सक्रियता और दूरदर्शिता तथा उनकी पूरी टीम की अथक प्रयासों से शिक्षा विभाग को समय पूर्व 28 फरवरी को वेतन भुगतान हो गया। जिससे शिक्षा विभाग मे हर्ष का माहौल है। शिक्षकों एवम कर्मचारी संगठनों ने भी बीईओ नरेश चौहान की कार्यप्रणाली पर संतुष्टि जताते हुए उन्हें आभार व्यक्त करते हुए साधुवाद ज्ञापित किए हैं।

# मजदूरी की तलाश में महाराष्ट्र गए मजदूर की 1 वर्ष बाद विधायक रामकुमार टोप्पो की पहल से सकुशल घर वापसी

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।



सीतापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोर्ट निवासी विरेन्द्र मांझी पिता तेजराम मजदूरी की तलाश में 2 वर्ष पूर्व महाराष्ट्र चला गया था जहां एक बोरवेल मशीन में काम करने लगा। विरेन्द्र मांझी के साथ काम करने कुछ लोग और भी गए हुए थे। लेकिन वे वहां से भाग कर वापिस आ गए, मगर विरेन्द्र मांझी वहां पर फंस गयाए जब भी घर वापसी की बात मालिक से करता तो वह उसे वापिस आने नहीं दे ता था। और उसे बंधुआ मजदूर की तरह काम करने लगाए। वही आज महाराष्ट्र में फंसे मजदूर वीरेंद्र माझी की सकुशल घर वापसी हो गई है आपको बता दें कि कोट निवासी वीरेंद्र मासी पिता तेजराम काम की तलाश में महाराष्ट्र चला गया था और वहां जाकर फंस गया जिसे बंधुआ मजदूर की तरह काम करना पड़ रहा था जैसे.-तैसे उसने समय बिताया और अपने घर वालों से संपर्क किया और अपनी स्थिति से उन्हें अवगत कराया, अपने बच्चों की स्थिति जानकर परिवार वाले घबरा गए और इसकी जानकारी स्थानीय विधायक रामकुमार टोप्पो को दी और उनसे गुहार लगाई की हमारे बच्चों को महाराष्ट्र से सकुशल घर वापसी करने की पहल करें। जैसे ही इसकी जानकारी विधायक रामकुमार टोप्पो को हुई तत्काल उन्होंने जिला प्रशासन को इससे अवगत कराया और महाराष्ट्र में फंसे मजदूर को सकुशल घर वापसी लाने के लिए आदेशित किया,वही महाराष्ट्र में फंसे मजदूर की आज घर वापसी हो गई है जिससे आज कोट ग्राम के डोरापारा और परिवार जनों में खुशी की माहौल है, और मजदूर के घर वापसी के लिए विधायक को धन्यवाद दे रहे हैं।



# शासकीय प्राथमिक शाला बुटीपारा सारंगढ़ में किया गया सामूहिक न्योता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत सहायक शिक्षक एलबी चन्द्रकांती स्वर्णकार के जन्मदिन पर सामूहिक रूप से न्योता भोजन का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बुटीपारा सारंगढ़ में किया गया। सबका प्रयास अवधारणा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत न्योता भोजन को लागू करके समुदाय के बीच अपनेपन की भावना का विकास, अतिरिक्त पूरक पोषण सामग्री, भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि तथा समुदाय वर्ग के बच्चों में समानता की भावना का विकास हेतु यह आयोजन किया गया था। इस अवसर पर प्रधान पाठक प्रियंका गोस्वामी द्वारा खीर, चन्द्रकांती स्वर्णकार द्वारा फ्ल, सलाद, जलेबी, भगतराम माली द्वारा पापड़, सरिता गोपाल द्वारा चिक्की पापड़ी, बीएस बरेठ द्वारा चना फ्राई, बुधराम मुंडा द्वारा शहतूत, जगजीवन प्रसाद जांगड़े द्वारा बिस्किट प्रदाय किया गया। मध्यान्ह भोजन अंतर्गत चावल, दाल, मटर आलू, लाल भाजी परोसा गया, विद्यार्थियों ने इस न्योता-भोजन में सामूहिक भोज किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सोमा सिंह ठाकुर, विकासखंड स्रोत समन्वयक शोभाराम पटेल, चन्द्रकांति स्वर्णकार, ज्योतिप्रकाश खेस्स, अभिषेक पुरी गोस्वामी, आशीष कुमार पांडेय, सरिता गोपाल, भगतराम माली, अजय यादव, पंकज लोचन दुबे, मीडिया से वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण लहरे साहिल, प्रवीण थॉमस मीडिया टुडे न्यूज, पद्मिनी श्रीवास बुलंद आवाज की विशेष सहभागिता रही। स्वसहायता समूह से रसोइया चमेली गोंड और नीरा सिदार ने खाना बनाने और कार्यक्रम में प्रमुख योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित जगजीवन प्रसाद जांगड़े जी ने किया।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत होगी प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता

## 'प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता में दो चरणों में दिया जाएगा पुरस्कार

**दंतेवाड़ा** । स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत विकास खंड एवं ग्राम स्तर पर प्लास्टिक मुक्ति करण के विभिन्न घटकों पर बड़े पैमाने पर जागरूकता लाने हेतु स्वच्छता के विभिन्न आयामो जैसे सामुदायिक शौचालय, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा संग्रहण कार्य, सोख्ता गड्ढा, व्यक्तिगत शौचालय एवं गोवर्धन पर बड़े पैमाने पर स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र पंचायत भवन एवं स्वास्थ्य केंद्र, बाजारों एवं सामुदायिक स्थलों पर जागरूकता लाने हेतु व्यवहार परिवर्तन करने के लिए और ऑडियो प्लस को बढ़ावा देने के लिए वांछनीय कार्य और प्रथाएं टिंगर करने की आवश्यकता है।



# काव्य कलश युवा रत्न सम्मान से सम्मानित हुए कवि जयंत यादव

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।




काव्य कलश कला एवं साहित्य मंच खरसिया रायगढ़ छत्तीसगढ़ द्वारा 25 फरवरी2024 को खरसिया स्थित वेदमाता गायत्री मंदिर परिसर में विराट कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के 40 युवा साहित्यकारों एवं कलाकारों का सम्मान किया गया। सम्मेलन की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती और वेदमाता गायत्री की पुजा अर्चना और स्वागत गीत के साथ हुआ। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि राधेश्याम बघेल, विशिष्ट अतिथि मनमोहन सिंह ठाकुर, अरविंद सोनी सार्थक, ज्योतिषाचार्य राधेश्याम पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विनोद डडसेना, संयोजिका प्रियंका गुप्ता, प्रिया, वक्ता गण वेदराम चौहान, हरप्रसाद ढेंढे,जमुना प्रसाद चौहान,अनामिका संजय अग्रवाल, राकेश नारायण बंजारे, संस्थापक पुरुषोत्तम प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे। मंच संचालन हितेंद्र पाण्डे ने किया। इस सम्मेलन में ग्राम कोतासुरा, तहसील.पुसौर, जिला. रायगढ़ छत्तीसगढ़ के वीर रस के सशक्त हस्ताक्षर युवा कवि जयंत यादव को संस्था द्वारा स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र,कलम एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर काव्य कलश युवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। युवा कवि जयंत यादव 2018 से निरंतर काव्य सृजन कर रहे हैं एवं छंदाचार्यों से छंद कि बारिकियां सिख रहे हैं। सम्मानित होने पर यादव समाज छत्तीसगढ़ एवं ग्राम के परिवार एवं मित्र जनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सीएमएचओ ने कटघोरा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों एवं निजी क्लीनिकों का किया औचक निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।





कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने कटघोरा विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं नर्सिंग होम एक्ट के तहत कटघोरा के प्राइवेट नर्सिंग होम, प्राइवेट क्लीनिक, प्राइवेट पैथोलॉजी, सोनोग्राफ ी सेंटर, कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी केंद्रों में आवश्यक दस्तावेजों की जांच करते हुए संस्थानों को नर्सिंग होम एक्ट के तहत संचालित करने एवं कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.रूद्रपाल सिह कवर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ ने अधिकारी-कर्मचारियों का उपस्थिती रजिस्टर का अवलोकन कर अनुपस्थित 3 चिकित्सक और 1 कर्मचारी को नोटिस जारी करने का निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र के पंजीयन कक्ष, शिशु रोग, अस्थि रोग, प्रसूती विभाग, लेबर कक्ष एनसीडी,क्लीनिक, पैथोलॉजी कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, ईपीडी दवा भंडार कक्ष, वैक्सीनेशन कक्ष, ब्लड स्टोरेज कक्ष, मितानिन हेल्प डेस्क सहित पूरे परिसर का अवलोकन कर स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने एवं कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अस्पताल के सभी अनुभागों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए अनुभाग वार नोडल अधिकारी नियुक्त करने, सभी दस्तावेजों का व्यवस्थित संधारण करने तथा सभी विशेषज्ञ चिकित्सक चिकित्सा अधिकारी तथा कर्मचारी को कार्यदिवस में समय पर केंद्र में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने दंत रोग विभाग के निरीक्षण के दौरान क्रियाशील नहीं होने पर व्यवस्था के तहत दीपका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के दंत रोग चिकित्सक की सेवाएं सुनिश्चित करने की बात कही। इस दौरान सीएमएचओ ने संस्था में पदस्थ स्त्री रोग चिकित्सकों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्त्री रोग विशेषज्ञ सप्ताह में 2 दिन दोनों पालियों में ओपीडी में सेवाये अनिवार्य रूप से देंगे। इस हेतु उन्हें रोस्टर बनाकर ड्यूटी करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कोई भी प्रसूता अनावश्यक रूप से संस्था से रेफ र ना हो साथ ही किसी मेडिकल ऑफिसर द्वारा रिफरल मान्य नहीं होगा। इस हेतु रेफलर योग्य प्रकरण में 2 स्त्री रोग विशेषज्ञों का अभिमत आवश्यक रूप से उल्लेखित करने के निर्देश दिए।

## टाइगर नागेश्वर राव ने अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक




अभिनेता रवि तेजा को आजकल फिल्म ईगल में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता बीते साल रिलीज हुई फिल्म टाइगर नागेश्वर राव में नजर आए थे। यह उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है।टाइगर नागेश्वर राव पहले ही तेलुगु भाषा में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। अब इस फिल्म का हिंदी संस्करण भी प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है।अगर आपने इस फिल्म को सिनेमाघर में नहीं देखा है तो अब घर बैठे देखें।

टाइगर नागेश्वर राव का निर्देशन वामसी ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन पैन इंडिया डेब्यू किया है। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का प्रमुख हिस्सा हैं।

## साल 2020 मेरे लिए भी बहुत मुश्किल था, क्योंकि मेरे अकाउंट में सिर्फ 257 रुपये थे: मेधा शंकर



विधु विनोद चोपड़ा के निर्देशन में बनी फिल्म 12वीं फेल थिएटर्स में जबरदस्त हिट साबित हुई है. फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को जीतने में कामयाब हुई है. विक्रांत मैसी के स्ट्रगल से लेकर मेधा शंकर का सच्चा सपोर्ट देखकर फैंस काफी खुश हुए हैं. फिल्म की सक्सेस के साथ एक्ट्रेस भी रातों रात फेमस हो गईं.

हर आर्टिस्ट की अपनी एक बैक स्टोरी होती है. नोएडा की रहने वाली मेधा शंकर बचपन से ही एक्ट्रेस बनना चाहती थीं. इसके लिए उन्होंने काफी संघर्ष भी किया. मेधा शंकर हाल ही में मीडिया से बातचीत के लिए सामने आईं थीं. बातचीत में एक्ट्रेस ने बताया कि वह साल 2018 में मुंबई एक कलाकार बनने आईं थीं, लेकिन इन सालों में उन्होंने बहुत उतार-चढ़ाव देखा. एक दिन तो वह टूट भी गईं थीं, उनके बैंक अकाउंट में सिर्फ 257 रुप लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. मेधा ने कहा, 2020 दुनियाभर में कई वजहों से एक विनाशकारी साल रहा. यह साल मेरे लिए भी बहुत मुश्किल था, क्योंकि मैं पूरी तरह टूट गई थी. मेरे अकाउंट में सिर्फ 257 रुपये थे. 12वीं फेल से पहले भी मेधा कई फिल्मों में काम कर चुकीं थीं. एक्ट्रेस ने इस फिल्म के मिलने के पीछे की कहानी का भी खुलासा किया. एक्ट्रेस ने कहा, 12वीं फेल मिलने में मुझे थोड़ा समय लग गया. मैंने मुंबई में बतौर एक्टर साल 2018 में करियर की शुरुआत की थी. साल 2022 में मैंने एक कास्टिंग एजेंसी में इस फिल्म के लिए पहली बार ऑडिशन दिया था. फिर मैंने विधु विनोद चोपड़ा और पूरी टीम के साथ स्क्रीन टेस्ट किया. विधु सर, विक्रांत और टीम के साथ अपने पहले स्क्रीन टेस्ट के दौरान मुझे दृढ़ विश्वास था कि यह भूमिका मेरे लिए ही है. 27 अक्टूबर को रिलीज हुई 12वीं फेल, अनुराग पाठक के, इसी टाइटल वाले उपन्यास पर बेस्ड है।

## रेड सैटिन ड्रेस में बेहद खूबसूरत दिखीं अभिनेत्री रुबीना दिलायक

टीवी टाउन में नई मां रुबीना दिलायक ने हाल ही में एक फोटोशूट करवाया है। उन्होंने अपनी यह फोटो अपने सोशल मीडिया पर शेयर की है।

छोटी बहू में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर ज्यादातर अपनी फोटोज शेयर करती रहती हैं। उन्होंने इसमें लाल सैटिन बॉडीसूट पहना हुआ है।उन?होंने इसमें मेकअप लुक को चुना।

रुबीना ने अपने बालों को सॉफ्ट वेव्स में स्टाइल किया है। एक्सेसरीज के लिए उन्होंने हरे लॉकेट के साथ चेन और मैचिंग ईयररिंग्स को चुना। फुटवियर में उन्होंने सिल्वर हील्स पहनी थीं।

रुबीना ने अपने इस फोटोशूट में एक से बढ़कर एक पोज दिए हैं, जिन्हें देख कोई भी उन पर फिदा हो सकता है.

बता दें कि रुबीना इन दिनों अपनी जुड़वा बेटियों इधा और जीवा के साथ टाइम स्पेंड कर रही हैं. साथ ही वो अपने व्लॉग के जरिए फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं. रुबीना बेटियों के जन्म के बाद से ही टीवी से दूर हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर अपनी लाइफ अपडेट शेयर करती रहती हैं.

कमेंट सेक्शन रुबीना के लुक और आउटफिट की सराहना से भरा हुआ था। एक यूजर ने कहा, वाह हॉट रेड। इससे पहले सोमवार को रुबिना ने गोवा में अपने फैमिली वेकेशन की झलक भी दी थी।

हाल ही में जुड़वां बेटियों जीवा और एधा के माता-पिता बने रूबीना और अभिनव इन दिनों गोवा में खूबसूरत जगहों का आनंद ले रहे हैं।

रुबीना को पिछली बार झलक दिखला जा-10 में देखा गया था, जबकि अभिनव को खतरों के खिलाड़ी 11 में देखा गया था।



## यामी गौतम की आर्टिकल 370 की कमाई में गिरावट, विद्युत जामवाल की कैक का हाल-बेहाल




इन दिनों सिनेमाघरों में यामी गौतम की बहुप्रतीक्षित फिल्म आर्टिकल 370 लगी हुई है, जो दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रही है।विद्युत जामवाल की फिल्म क्रैक से भिड़ंत के बावजूद यामी की फिल्म ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।आर्टिकल 370 का शुरुआत से दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है।हालांकि, वीकेंड पर बंपर कमाई करने के बाद अब कामकाजी दिनों में फिल्म की कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। अब आर्टिकल 370 की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने सोमवार को 3.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 26.15 करोड़ रुपये हो गया है।आर्टिकल 370 ने टिकट खिड़की पर 5.9 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला था।वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आया और इसने दूसरे दिन 7.4 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 9.6 करोड़ रुपये कमाए।

आर्टिकल 370 के निर्देशन की कमान आदित्य सुहास जंभाले ने संभाली है और फिल्म का निर्माण यामी के पति और निर्देशन आदित्य धर ने किया है।यह फिल्म जम्मू कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने के दौरान आईं चुनौतियों से रूबरू कराती है।फिल्म को देश ही नहीं, दुनियाभर में प्यार मिल रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 34.71 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।इसमें अरुण गोविल, प्रियामणि, किरण कारमकर सहित कई कलाकार अहम किरदारों में नजर आए हैं।

## वर्ल्डवाइड 150 करोड़ की ओर शाहिद-कृति की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया




शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का बिजनेस हिचकोले खा रहा है। फिल्म भारत में पिछड़ती जा रही है, लेकिन वर्ल्डवाइड तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया का कलेक्शन आगे बढ़ रहा है। अब फिल्म ने 150 करोड़ क्लब की ओर निशाना साधा है।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के लिए अब बिजनेस करना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि मुकाबले में दो नई फिल्में आ गई हैं। इनमें यामी गौतम की आर्टिकल 370 और विद्युत जामवाल की क्रैक शामिल है। हालांकि, तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया पीछे हटने तो तैयार नहीं है।

तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया वैलेंटाइन वीक के मौके पर रिलीज हुई थी। वहीं, अब फिल्म ने थिएटर्स में 18 दिनों का सफर पूरा कर लिया है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर फिल्म काफी पहले 100 करोड़ क्लब में एंट्री कर गई थी।

## अरबाज खान की नई फिल्म गुल गुले बकावली का हुआ ऐलान, मोशन पोस्टर जारी




मलाइका अरोड़ा से तलाक लेने के बाद लगभग 6 साल बाद अरबाज खान ने बीते साल 24 दिसंबर को अपनी प्रेमिका और मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया था।शूरा से शादी के बाद अरबाज ने अपनी पहली फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम गुल गुले बकावली है।इस फिल्म दिग्गज अभिनेता संजय मिश्रा भी नजर आएंगे।अब निर्माताओं ने गुल गुले बकावली का पहला मोशन पोस्टर जारी कर दिया है, जो दिखने में बेहद दिलचस्प है। निकिता दत्ता और इला अरुण भी गुल गुले बकावली का महत्तवर्पूण हिस्सा हैं। फिल्म में राजू आशू, राजेश शर्मा और अखिलेंद्र मिश्रा भी अपनी अदाकारी की जादू चलाते दिखाई देंगे।इस फिल्म के निर्देशन की कमान राज आशू ने संभाली है तो वहीं एम शिव कुमार, अमित अवस्थी और पंचम सिंह इस फिल्म के निर्माता हैं।गुल गुले बकावली के बाद अरबाज नवाजुद्दीन सिद्दीकी की फिल्म सेक्शन 108 में नजर आएंगे। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। रिलायंस एंटरटेनमेंट भारतीय फिल्म उद्योग के दिग्गजों में से एक है और इसने कई सफल फिल्मों का निर्माण किया है। कुछ समय पहले ही रिलीज हुई फिल्म 'दृश्यम 2' भी रिलायंस एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी थी। गुल गुले बकावली मूवी की रिलीज की तारीख अभी तक घोषित नहीं की गई है। हालांकि, मोशन पोस्टर के रिलीज होने से यह संकेत मिलता है कि फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

# खेल




बेंगलुरु को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी वॉरियर्ज ने टॉस जीतकर फील्डिंग चुनी। मुंबई ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट पर 161 रन बनाए। जवाब में यूपी ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया। यूपी के लिए ओपनर किरण नवगिरे ने 31 बॉल में 57 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, टीम के सभी बॉलर्स ने 1-1 विकेट लिया।

## यूपी वॉरियर्ज की WPL-2 में पहली जीत

### मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया, किरण नवगिरे का अर्धशतक

कप्तान हरमनप्रीत कौर की गेरमौजूदगी में भी मुंबई ने पारी की शुरुआत शानदार तरीके से की। टीम के लिए हेली मैथ्यूज और यास्तिका भाटिया ओपनिंग करने उतरी। यास्तिका भाटिया ने 22 बॉल में 26 रन बनाए। वहीं, तीसरे नंबर पर आई नेटली सीवर ब्रंट ने 19 रन बनाए। इस बीच मैथ्यूज ने शानदार पारी खेलते हुए। 47 बॉल में 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। अमेलिया केर 23 रन और पूजा वस्त्राकर 18 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सजीवन संजना 4 रन बना कर आउट हुई। इजाबेल वोंग 15 रन और अमनजोत कौर 0 रन बना कर नाबाद रही।




### यूपी के सभी बॉलर्स को विकेट मिला

यूपी के सभी बॉलर्स को 1-1 सफलता हासिल हुई।टीम के लिए अंजलि सर्वनी, ग्रेस हैरिस, राजेश्वरी गायकवाड़, सोफी एक्लेस्टोन और दीप्ती शर्मा ने 4-4 ओवर किए। सभी में ग्रेस हैरिस सबसे किफायती रही।

### किरण नवगिरे ने अर्धशतक लगाया

यूपी की शुरुआत शानदार रही। एलिसा हीली और किरण नवगिरे ने टीम के लिए ओपनिंग की। हीली 33 रन और किरण नवगिरे 57 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने साथ 94 रन की साझेदारी की। बीच में ताहलिया मैक्ग्रा 1 रन बना कर आउट हो गई। हालांकि, आखिर में ग्रेस हैरिस और दीप्ति शर्मा के बीच 36 बॉल में 65 रन की नाबाद साझेदारी ने मैच जिता दिया।

### इजाबेल वोंग को 2 विकेट मिले

इजाबेल वोंग को 2 सफलता मिली। उन्होंने मैक्ग्रा और हीली को आउट किया। वहीं, अमेलिया केर को 1 सफलता मिली।

### पॉइंट्स टेबल में कोई बदलाव नहीं

पॉइंट्स टेबल में इस जीत के साथ यूपी को 2 पॉइंट्स मिल गए हैं। हालांकि, टेबल में कोई बदलाव नहीं हुआ है। RCB पॉइंट्स टेबल में 4 अंक के साथ टॉप पर बना हुआ है। उसके और मुंबई के पॉइंट बराबर है, लेकिन रनरेट ज्यादा होने से RCB पॉइंट्स टेबल में टॉप पर है। वहीं, यूपी चौथे और गुजरात आखिरी पायदान पर है।

## एक नजर

### 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनिशिप बीजिंग में

ग्लासगो में आयोजित वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में लिया गया फैसला

चीन के बीजिंग में 2027 में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जाएगा। वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर चैम्पियनशिप (1-3 मार्च) से पहले ग्लासगो में आयोजित 234वीं वर्ल्ड एथलेटिक्स परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक से पहले इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने रोम की दावेदारी को वापस ले लिया। जिसके बाद बीजिंग के लिए रास्ता साफ हो गया। इटली की सरकार ने पैसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद इतावली एथलेटिक्स महासंघ ने दावेदारी से अपने हाथ पीछे खींच लिए। चीन दूसरी बार वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन कर रहा है। इससे पहले 2015 में चीन में इसका आयोजन हो चुका है। वहीं चीन में अगले साल नानजिंग में वर्ल्ड इंडोर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की भी मेजबानी कर रहा है। 2008 में चीन ने बीजिंग में ग्रीष्मकालीन ओलिंपिक और 2022 में शीतकालीन खेलों की मेजबानी की। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने एक बयान में कहा, यह दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बाजारों में से एक में हमारे खेल और प्रशंसक आधार को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है।



### बांग्लादेश दौरे के लिए श्रीलंका टीम का ऐलान

चरिथ असलंका शुरुआती 2 टी-20 में कप्तानी करेंगे; चोटिल पथुम निसांका सीरीज से बाहर

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे पर टी-20 सीरीज के लिए मेंस टीम की घोषणा कर दी है। श्रीलंका को 4 मार्च से बांग्लादेश में 3 टी-20, 3 वनडे और 2 टेस्ट की सीरीज खेलना है। शुरुआती 2 टी-20 मुकाबलों में चरिथ असलंका श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। वहीं तीसरे मुकाबले में रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा वापसी कर लेंगे।



अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में इंजर्ड हुए ओपनर पथुम निसांका दौरे से बाहर हो गए हैं। उन्हें इंजरी से रिकवर करने में ज्यादा टाइम लगेगा। बोर्ड ने बताया कि निसांका को स्क्वॉड में सिलेक्ट किया गया था लेकिन इंजरी के कारण उन्हें आराम दिया गया।

बैन के कारण शुरुआती 2 मैच नहीं खेलेंगे हसरंगा

श्रीलंका के रेगुलर कप्तान वनिंदू हसरंगा शुरुआती 2 टी-20 नहीं खेल सकेंगे। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछली टी-20 सीरीज में उन्होंने अंपायर के फैसले का विरोध किया था। इसी कारण उन पर 2 मैच का बैन लगा। इस कारण अब उनकी जगह असलंका टीम की कमान संभालेंगे।

## धर्मशाला में भारत के पास इतिहास रचने का मौका

पांचवां टेस्ट जीते तो पहली बार जीत की संख्या हार के बराबर होगी




टीम इंडिया धर्मशाला में 7 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का आखिरी मैच खेलने उतरेगी। यह भारत का ओवरऑल 579वां टेस्ट मैच होगा। अगर भारतीय टीम यह टेस्ट जीत जाती है तो पहली बार इसकी जीत की संख्या हार के बराबर होगी। साल 1932 में पहला टेस्ट खेलने वाली भारतीय टीम ने अब तक 578 टेस्ट खेले हैं, इसमें से 177 में टीम को जीत और 178 में हार मिली। धर्मशाला में जीतकर टीम इंडिया की जीत और हार का आंकड़ा 178-178 से बराबर हो जाएगा।

### टेस्ट में सिर्फ 4 टीमों के नाम हार से ज्यादा जीत

इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान ने अपने टेस्ट इतिहास में जितने मुकाबले हारे हैं उससे ज्यादा जीते हैं। इंग्लैंड ने 392 मैच जीते, जबकि 323 गंवाए। ऑस्ट्रेलिया ने 412 मैच जीते, जबकि 232 गंवाए।

साउथ अफ्रीका ने 178 टेस्ट जीते, वहीं 161 गंवाए। पाकिस्तान ने 148 टेस्ट जीते और 142 हारे। इनके अलावा बाकी 9 टीमों ने टीमों में टेस्ट मैच जीते कम और हारे ज्यादा हैं। अब धर्मशाला में टीम इंडिया इसी रिकॉर्ड को सुधार सकती है।


### भारत ने इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा टेस्ट खेले

टीम इंडिया ने अब तक 578 टेस्ट खेले हैं। सबसे ज्यादा टेस्ट खेलने के मामले में टीम तीसरे नंबर पर रही। 1070 टेस्ट के साथ इंग्लैंड पहले और 864 टेस्ट के साथ ऑस्ट्रेलिया दूसरे नंबर पर है। भारत ने 578 में से 177 में जीत दर्ज की, जबकि 178 में टीम को हार मिली।

## दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिए बैन

सऊदी प्रो-लीग में आपत्तिजनक इशारा किया था; अल हजम से अगला मुकाबला

सऊदी प्रो लीग मैच में आपत्तिजनक इशारे के लिए दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो को एक मैच के लिए बैन कर दिया गया है। वे अल हजम के खिलाफ अल नासर से नहीं खेल सकेंगे। गुरुवार को सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने रोनाल्डो के सस्पेंशन का ऐलान किया। इसके अनुसार, रोनाल्डो को करीब 5 हजार डॉलर अल शबाब को और आधी राशि महासंघ को जुर्माने के तौर पर देनी होगी। इस फैसले के खिलाफ अपील भी नहीं की जा सकती है।



### मैच के दौरान आपत्तिजनक इशारा किया था

अल नासर के खिलाड़ी रोनाल्डो बीते रविवार को सऊदी प्रो-लीग मैच के दौरान आपत्तिजनक इशारा करके अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ाते नजर आए थे। इस पर विवाद हो गया। फिर सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने उनके खिलाफ जांच की।

### क्या है पूरा मामला?

अल नासर और अल शबाब मैच के दौरान फैंस मेसी-मेसी के नारे लगा रहे थे। इस पर पुर्तगाल के फुटबॉलर ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किए। सोशल मीडिया में मौजूद वीडियो में उन्हें अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। 25 फरवरी को खेले गए इस मुकाबले में अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। रोनाल्डो ने पेनल्टी पर 21वें मिनट में गोल दागा। उनके बाद तालीसका ने 46वें और 86वें मिनट में गोल किए।

# महतारी वंदन योजना में दावा-आपत्ति वाले आवेदनों का शत-प्रतिशत करायें निराकरण-कलेक्टर

## पीएम आवास के कार्यों में दिखे आउटकम, आवास प्रेरणा हेतु लगाए चौपाल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।









शासन द्वारा शुरू की गई एक कल्याणकारी योजना है महतारी वंदन योजना, जिसके तहत राज्य की सभी विवाहित महिलाओं को प्रति माह डीबीटी के माध्यम से राशि प्रदान की जाएगी। ऑनलाईन में सभी की एन्ट्री होने के पश्चात दावा-आपत्ति मंगाये गये है, सभी जनपद सीईओ इस कार्य को गंभीरता से निराकरण करें ताकि शत-प्रतिशत महिलाओं को इसका लाभ मिले। उक्त बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला पंचायत, विद्युत एवं क्रेडा विभाग की संयुक्त बैठक में कही। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव भी बैठक में उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने कहा कि आगामी माह में महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को राशि अंतरित की जाएगी। जिन महिलाओं का बैंक में आधार सीडिंग नहीं हुआ है, उनका शीघ्रता से निराकरण करायें, इसके लिए आगामी दो दिवस जिले के सभी बैंक शनिवार एवं रविवार को भी खुले रहेंगे। सभी जनपद सीईओ गंभीरता पूर्वक इस कार्य में जुट जाए, ताकि महिलाओं को मिलने वाली राशि में किसी प्रकार

### आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेशन के लिए लगातार करें कार्य

की बाधा उत्पन्न न हो। इसी तरह शासन की तरफ से पूर्व में जिन महिलाओं को किसी प्रकार की पेंशन राशि मिल रही है, उसका भी ध्यान रखें और उनका सॉफ्टेवयर में सही जानकारी दर्ज करें। ताकि आगे उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

कलेक्टर गोयल ने जनपदवार संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए बीते वित्तीय वर्ष के सभी निर्माण कार्यों को आगामी मानसून से पहले तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपद सीईओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जिले में प्रगतिरत निर्माण कार्यो एवं अपूर्ण कार्यो की स्वयं समीक्षा करें। उन्होंने निर्माण कार्यो में लापरवाही बरतने वाले एजेंसी एवं ठेकेदार पर कड़ी कार्यवाही करने को कहा। कलेक्टर ने अप्रारंभ कार्यों की सूची तैयार रखते हुए शासन के निर्देशों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ को कहा कि जो कार्य स्वीकृत किए गए हैं, उसमें शासन द्वारा निर्धारित निविदाओं के नियमों का पालन करते हुए कार्य करना है। किसी भी कार्य में नियमों की अनदेखी अथवा लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी सभी जनपद सीईओ को पंचायत के बकाया विद्युत बिल राशि को शीघ्र ही जमा कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने सभी जनपद सीईओ को आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेशन का कार्य लगातार जारी रखने के निर्देश दिए। जिले में कितने लोग पलायन कर चुके है, कितने लोगों का आयुष्मान कार्ड बना और कौन लोग इसमें रूचि नहीं ले रहे इसकी जानकारी रखने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री गोयल ने क्रेडा विभाग की समीक्षा करते हुए अपने विभागीय योजनाओं का शत-प्रतिशत प्रचार-प्रसार कराते हुए इसका लाभ हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, सभी जनपद सीईओ, विद्युत विभाग एवं क्रेडा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री आवास के कार्यो में दिखें आउटकम

कलेक्टर गोयल ने बैठक के दौरान सभी जनपद सीईओ को प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। अपूर्ण सभी कार्यों को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने धरमजयगढ़ जनपद सीईओ को कापू क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य में रूचि नहीं लेने के कारण नाराजगी जतायी। उन्होंने संबंधित सीईओ को आवास प्रेरणा हेतु वहां चौपाल लगाने के निर्देश दिए, ताकि इस कार्य में आउटकम दिखे। इसी तरह पुसौर एवं लैलूंगा क्षेत्र में भी चौपाल लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान वहां आयुष्मान कार्ड एवं आधार अपडेशन का भी कार्य करायें। ताकि ज्यादा से ज्यादा वहां के लोग चौपाल में शामिल हो सके।

### कृषि पम्प विद्युतीकरण का कार्य करें शत-प्रतिशत पूर्ण

कलेक्टर गोयल ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए लाईन विस्तार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृषि पम्प विद्युतीकरण के कार्य को मार्च 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही जिन हितग्राहियों को इसका लाभ मिल रहा है उसकी सूचीवार जानकारी बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री विद्युत अद्योसंरचना विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 33/11 केव्ही. उपकेन्द्र हेतु अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर की जानकारी ली। उन्होंने जिले में हाथी प्रभावित क्षेत्र में मिडस्पान पोल लगाने, केबल लगाने एवं अन्य व्यवस्थित कार्य हेतु विद्युत कंपनी द्वारा योजना में प्राप्त राशि के तहत प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने आगामी ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी लोड प्वाईंट वाले ट्रांसफार्मर को बेहतर करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु 08 लाख की राशि स्वीकृत

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6.4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम गंडियाडीह निवासी दर्शन साय सिदार का नाला के पानी में डुबने से 17 अगस्त 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता गुरवारी बाई एवं कुनकुरी तहसील के ग्राम तेतरटोली निवासी लेबनुस कुजूर का नहर के पानी में डुबने से 13 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के भतीजा अमृत कुजूर हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### शासकीय उच्चत्तर माध्यामिक विद्यालय दुलदुला एवं कस्तुरा के व्याख्याता पंचायत की सेवा समाप्त

लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के कारण हुई कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने लगातार अनाधिकृत अनुपस्थित रहने के कारण दुलदुला विकासखण्ड के शाउमावि दुलदुला के व्याख्याता शारदा यादव एवं शा.उ.मावि कस्तुरा के व्याख्याता संजीत कुमार एक्का का सेवा समाप्त किया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार दुलदुला विकासखंड के शाउमावि दुलदुला के व्याख्याता शारदा यादव को 16 जुलाई 2017 एवं शाउमावि कस्तुरा के व्याख्याता संजीत कुमार एक्का को 24 दिसम्बर 2017 से से लगातार अनाधिकृत अनुपस्थिति रहने के कारण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुलदुला के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर, जवाब प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। किन्तु शारदा यादव एवं संजीत कुमार एक्का द्वारा समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके परिपेक्ष्य में कार्यालयीन आदेश के तहत 13 जुलाई 2022 द्वारा विभागीय जांच संस्थित करते हुए, जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर को विभागीय जांचकर्त्ता अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुलदुला को प्रस्तुतकर्त्ता अधिकारी नियुक्त किया गया। विभागीय जॉच अधिकारी के द्वारा 22 दिसम्बर 2022 को विभागीय जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया। विभागीय जॉच प्रतिवेदन के अनुसार अनुपस्थित रहना सही पाया गया। अनुपस्थित प्रमाणित होने के फलस्वरूप, सामान्य प्रशासन समिति, जिला पंचायत जशपुर की बैठक 22 फरवरी 2024 के अनुमोदन उपरान्त दुलदुला विकासखण्ड के व्याख्याता पंचायत शा.उ.मा.वि. दुलदुला शारदा यादव एवं व्याख्याता पंचायत शाउमावि कस्तुरा को एक माह पूर्व सूचना देते हुए सेवा समाप्त किया गया है।

### लेसमेंट कैम्प का आयोजन 04 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर के द्वारा 04 मार्च 2024 को 147 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में वृन्दावन प्राइवेट स्कूल लुड़ेग पत्थलगांव जिला जशपुर के द्वारा तथा बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर छग के द्वारा 57 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत प्रधानाध्यापक के 04, अंग्रेजी शिक्षक के 08, विज्ञान शिक्षक के 06, गणित शिक्षक के 06, हिंदी शिक्षक के 08, संगीत शिक्षक के 02, प्री.प्राइमरी टीचर के 15, लेखाकार के 04,चालक के 04 पद शामिल हैं। इसी प्रकार बॉम्बे इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड रायपुर छग के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड 90 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 04 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे समस्त मूल प्रमाण.पत्रों एवं पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं।

### राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में सहायक ग्रेड-03 एवं भृत्य के पदों हेतु परीक्षा 10 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अधीनस्थ स्थापनाओं के लिए विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती की जा रही है। जिसके तहत् सहायक ग्रेड-03, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा 10 मार्च 2024 को बिलासपुर के विभिन्न स्कूलों में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं चयन समिति के अध्यक्ष आनंद प्रकाश वारियाल ने बताया है कि सहायक ग्रेड.03, आदेशिका लेखक, कम्प्यूटर आपरेटर एवं भृत्य पद हेतु प्रारंभिक लिखित परीक्षा के संबंध में आवश्यक सूचना, प्रवेश-पत्र, अभ्यार्थियों की सूची इत्यादि छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर अपलोड की गई है। जहॉ से अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउन लोड कर प्रिंट प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही 17 फरवरी 2024 को अनवादक एवं वाहन चालक के पद हेतु आयोजित लिखित परीक्षा के भी परिणाम घोषित करते हुए मेरिट लिस्ट वेवसाईट पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी छत्तीगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की वेबसाईट पर प्राप्त कर सकते हैं।

## एसडीएम कार्यालय बगीचा और तहसील कार्यालय बगीचा, कांसाबेल एवं बागबहार के रीडर को कारण बताओ नोटिस जारी

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के ऑनलाईन प्रकरणों, आदेशों, पेशी तिथियों को अद्यतन नहीं करने के मामले में कलेक्टर ने दिया नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्वद्ध एवं तहसील कार्यालय के ऑनलाईन प्रकरणों, आदेशों, पेशी तिथियों को अद्यतन नहीं करने पर एसडीएम कार्यालय बगीचा के सहायक ग्रेड.02 एवं रीडर ओमशंकर, तहसील कार्यालय बगीचा के सहायक ग्रेड.03 एवं रीडरइलियाजर राम,तहसील कार्यालय कांसाबेल के सहायक ग्रेड.02 एवं रीडर लालजीत कुर्रे एवं तहसील कार्यालय बागबहार के सहायक ग्रेड.02 एवं रीडर दुर्बादल प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर ने विगत दिवस 27 फरवरी 2024 आयोजित समय-सीमा बैठक में न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बगीचा और तहसील कार्यालय बगीचा, कांसाबेल, एवं बागबहार के ऑनलाईन प्रकरणों, आदेशों, पेशी तिथियों को संबंधित रीडर के द्वारा अद्यतन नहीं किया जाना पाया गया। इस प्रकार रीडर के उक्त कृत्य अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही का घोतक है। जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 व 07 के विपरीत है। रीडरों के उक्त कृत्य के लिए क्यों न उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाय नोटिस करते हुए कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों में से ऐसे प्रकरण जिसमें पेशी तारीख की जानकारी प्राप्त नहीं हो रही है को शून्य करते हुए 01 मार्च 2024 तक स्पष्टीकरण समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। नियत समयावधि में समाधानकारक जवाब प्राप्त नहीं होने पर रीडरों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

## बेमेतरा की जमीं पर राष्ट्र सेवा का इतिहास रचता हुआ लक्ष्य फाउंडेशन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा का गठन जिला बेमेतरा को फौजी जिला बनाने के उद्देश्य से पवन कुमार वर्मा के द्वारा दिनांक 09 दिसंबर 2018 को किया गया था जिसका मूल उद्देश्य युवाओं को सेना में भर्ती होने से पूर्व उनको नि:शुल्क प्रशिक्षण के द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करना है।



पवन कुमार वर्मा जी पूर्व में सेना में भर्ती के लिए तैयारी करते थे परन्तु मेडिकल अनफिट होने के कारण इनका भर्ती होने से रह गया तत्पश्चात इन्होंने निश्चय किया कि सेना में मैं नहीं जा पाया तो क्या हुआ, अब मार्गदर्शक बनकर अन्य भाईयों को फौज में भेजा जाए और इस अभियान से निरंतर 2018 से लगे हुए हैं और इसके परिणामस्वरूप अग्निवीर योजना के तहत लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा के द्वारा दिए गए ट्रेनिंग से तीन बच्चों का सेना में चयन हुआ जिसमे पुरषोत्तम सिंह वर्मा जी पिता रोहित सिंह वर्मा ग्राम हथमुडी व अन्य दो उज्जवल साहू एवं नारायण साहू देश सेवा में समर्पित हैं। निरंतर इस अभियान से अभी हाल में हुए जांजगीर चांपा सेना भर्ती रैली 11 बच्चे अग्निवीर के लिए चयन हुए है जिसमे 11 में 1 मेडिकल में अनफिट हुए अन्य 10 मेरिट लिस्ट अंतिम परिणाम से 8 लोगों का अग्नि वीर के रूप में चयन हुए।

हाल ही में आए पुलिस भर्ती जिला बल की पूर्ण तैयारी लक्ष्य फाउंडेशन के द्वारा दिया जा रहा है जिसमे करीब 80 बच्चे प्रतिदिन सुबह अपना उपस्थिति दे रहे। जो प्रतिदिन आस पास के गांव से आते है। लक्ष्य फाउंडेशन बेमेतरा पवन कुमार वर्मा व सूबेदार हरीश अवस्थी भारतीय सेना से रिटायर्ड के बाद लक्ष्य से जुड़े व मनोज शर्मा आदिशक्ति फेब्रिकेशन समाज सेवी के द्वारा निस्वार्थ भाव से आर्थिक तन मन धन से चलाया जा रहा है फाउंडेशन के द्वारा अन्य गतिविधियां भी की जाती है जैसे गणतंत्र दिवस समारोह, स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं अन्य महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन कार्यक्रम भी लक्ष्य फाउंडेशन के द्वारा समय समय पर किया जाता है।

गरीब बच्चो को टी शर्ट से लेकर जूते भी इनके अंश दान से दिया जाता है। इस कार्य में इनका कोई आर्थिक उद्देश्य नहीं है इसमें राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना है देश भक्ति का परिचय है। पवन कुमार वर्मा ग्राम पिकरी बेमेतरा।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिले में पिछले तीन महीने के भीतर पूर्ण हुए 5 हजार 500 से अधिक आवास

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में जिले में पिछले तीन महीने में 5 हजार 611 आवास पूर्ण किए गए। जशपुर जिले के सभी जनपदों में वर्ष 2016 से 2023 तक 61784 आवास स्वीकृत हुए है जिनमें निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक स्तर पर जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत अमलो की सतत मॉनिटरिंग में अब तक 53 हजार 121 आवास पूर्ण हुए हैं और शेष आवासों की मॉनिटरिंग की जा रही है। राज्य शासन से भी हितग्राहियों के किस्त की राशि समय से प्राप्त हो रही है। जिससे सभी प्रगतिरत आवास को तय समय-सीमा में पूर्ण करने में हितग्राहियों को आसानी हो रही है जिन्हे मार्च अंत तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके लिए जिला एवं जनपद पंचायत की टीम पूरी हितग्राहियों से संपर्क कर जल्द ही पूर्ण करने हेतु प्रेरित कर रहे है।



## जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत बगीचा में पीएम योजना के तहत गठित जनमन संगीयों की ली बैठक

*जनमन संगीयों से किया चर्चा, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक अकाउंट,सहित अन्य कार्यों में सहभागिता हेतु किया प्रोत्साहित*

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने जनपद पंचायत बगीचा में जनमन संगीयों की बैठक ली। उन्होंने जनमन संगीयों से चर्चा कर सौंपे गए दायित्वों की जानकारी ली। विशेष पिछड़ी जनजाति के जनमन संगीयों ने बताया कि समाज के लोगों को जागरूक करने के साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य योजनाओं के संबंध प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिससे पहाड़ी कोरवा समुदाय को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने शत प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाने कहा।

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने जनमन संगीयों के सहभागिता के लिए सराहना की और निरंतर समाज के लोगों को शासन द्वारा मिल रहे सुविधाओं का लाभ दिलाने मोर संगियों को सहयोग करने कहा। उन्होंने जनमन संगीयों को समाज में प्रचलित कुप्रथाओं, बाल विवाह सहित अन्य सामाजिक बुराईयों को दूर करने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने कहा। उल्लेखनीय है कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जनजाति समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए शुरू किए गए पीएम जनमन योजना के प्रचार-प्रसार और योजना का लाभ दिलाने के लिए कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने पहल की है। उन्होंने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समुदाय के शिक्षकों को महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पहाड़ी कोरवा जनमन संगी बनाया है। जनमन संगी अपने ही समुदायों के बसाहटो में जाकर के शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं का फॉर्म भरने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक अकाउंट, मातृ वंदना योजना सहित अन्य प्राथमिकता वाले कार्यों का प्राथमिकता से सर्वे करने कहा। उन्होंने कहा कि पीव्हीटीजी बसाहटो में मूलभूत कार्यो आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थय, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण, सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाए। पिछड़ी जनजाति के वंचित सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड,आधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्थानों में शिविर लगाने की बात कही। साथ ही इन बसाहटों में शिविर लगाने एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा। इस दौरान बगीचा, मनोरा जनपद सीईओ, मंडल संयोजक, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शुक्रवार 1 मार्च 2024

# एक राय होकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों गिरफ्तार

## पृथक से आरोपियों के विरुद्ध किया प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

प्रार्थी विकास भादु उम्र 23 साल साकिन ग्राम मोटाई थाना चाकू जिला फलोदी जोधपुर राजस्थान हाल पता ग्राम बालसमुंद हर्षवर्धन तिवारी का मकान थाना व जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्तमान में हर्षवर्धन तिवारी के यहां ग्राम बालसमुंद इंडियन गैस में करीबन 5 साल से काम करता हूं।



दिनांक 28 फरवरी 2024 को वह कृषि उपज मंडी काम्प्लेक्स रायपुर रोड बेमेतरा में था इसका मोटर सायकल इंडियन गैस आफिस के सामने खडी थी, शाम करीबन 05.30 बजे रवि साहू अपने तीन दोस्तों के साथ अपने मोटर सायकल में बेमेतरा सिग्नल चौक तरफ से रांग साईड आकर इसका मोटर सायकल को रगड दिये तब वह उन लोगों को मना किया क्यों मोटर सायकल को ठोकर मार दिये। बोलने पर रवि साहू, विक्रम यादव, सितेन्द्र पटेल, प्रदीप यदु सभी मिलकर एक राय होकर इसे गंदी गंदी अश्लील गालियां देते हुए इसे जान से मारने की धमकी देते हुए मारने के लिए पत्थर उठा लिए थे और बाजू वाले सेनेटरी दुकान के कंबोड को पत्थर से तोड़ दिये। उसी समय बीच बचाव करने विकास आया तो उसे भी हाथ मुक्का व पत्थर के टुकड़ा से मारपीट किये हैं। मारपीट से विकास भादु के कान के उपर सिर में चोंट खरोच आया है तथा झुमा झटकी में विकास का शर्ट भी फटा है व पैसा भी गायब है। फिर हम लोग आफिस अंदर चले गये और छोटा वाला सटर को बंद किये तो काउंटर से कुदकर रवि साहू, विक्रम यादव, सितेन्द्र पटेल, प्रदीप यदु एवं अन्य लोग सभी आफिस अंदर आकर चुल्हा एवं गैस को पटकने लगे तथा कांच का रेक बना है उसे हाथ से मारकर तोड दिये जिससे करीबन 20 से 25 हजार रूपये का नुकसानी हुआ है एवं गाड़ी में रखा खाली गैस सेलेंडर को फेंक दिये हैं। कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा 294,506,323, 427, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। उक्त घटना के संबंध में वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराया गया। जिस पर पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भापुसे के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को आरोपियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी,रवि साहू पिता दीपक साहू उम्र 25 साल साकिन वार्ड नं.16 बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा, विक्रम यादव पिता शिवराम यादव उम्र 27 साल साकिन सुंदर नगर बेमेतरा, सितेन्द्र पटेल पिता संतोष पटेल उम्र 19 साल साकिन गोठा, हाल सुंदर नगर बेमेतरा,प्रदीप यदु पिता धनसिंग उम्र 20 साल साकिन नयापारा बेमेतरा, डालेश्वर साहू पिता गंगाराम उम्र 19 साल साकिन बीटीआई कालोनी, गणेश पटेल पिता ललित पटेल उम्र 24 साल साकिन सुंदर नगर बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया तथा साथ ही पृथक से धारा 151 जाफ ौ के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर माननीय एसडीएम न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि ईतवारी डेहरे, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, छत्रपाल डहरिया, आरक्षक राहुल यादव एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

## छत्तीसगढ़ी कलाकार हेमंत वैष्णव के निधन पर वित्त मंत्री ओपी ने शोक जताया

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी कलाकार हेमंत वैष्णव के निधन की सूचना मिलने पर रायगढ़ विधायक एवम वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने जारी शोक संदेश में उनके आकस्मिक निधन को अत्यंत हृदय विदारक घटना निरूपित किया। हेमंत वैष्णव ने अपनी कला से रंगमंच को जीवंत करने का उत्कृष्ट कार्य किया। एक महान रंगकर्मी के रूप में प्रदेश वासियों के लिए वे सदैव स्मरणीय रहेंगे। छत्तीसगढ़ के ख्याति लब्ध रंगकर्मी हेमंत वैष्णव प्रसिद्ध नाटक राजा फ ोकलवा के नायक भी रहे। उनके द्वारा हिन्दी और छत्तीसगढ़ी भाषा में कई नाटक भी लिखे गए। राजा फोकलवा के रूप में उनकी पहचान पूरे देश में रही। इस नाटक का उन्होंने अनेकों बार मंचन किया।अभिनय में डूब कर नाटक करने वाले कलाकारों में उनका नाम सबसे ऊपर रहेगा। अपनी नाटकीय विधा के जरिए वे दर्शको के दिल में उतरने वाले कलाकार रहे। राष्ट्रपति के हाथों उन्हें बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से नवाजा गया था। लोक कला के क्षेत्र में उनकी पकड़ रही। नाट्य कला में उन्हें कई पुरस्कार मिले। इस दुखदाई और कठिन समय में चौधरी ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को धैर्य और संबल प्रदान करने की कामना की है।



## एसबीआई लैलूंगा कि सभी अव्यवस्था हुई दुरूस्त उपभोक्ताओं को मिलने लगी सुविधा

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

भारतीय स्टेट बैंक शाखा-लैलूंगा में महतारी वंदन योजना के तहत आधार कार्ड को लिंक कराने कि प्रक्रिया में हो रही सभी व्याप्त अव्यवस्थाओं में अमूलचूल परिवर्तन हुआ है । एसबीई शाखा-लैलूंगा शाखा प्रबंधक ने प्रेस को बताया कि उनके द्वारा बैंक में आने वाले उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार कि असुविधा न हो इसके लिए तीन खिड़कियों में काऊन्टर लगाकर महतारी वंदन योजना के तहत केवाईसी कराने के लिए दूर दराज से आने वाली महिलाओं के लिए पर्याप्त मात्रा में टेन्ट लगाकर उनके प्रतिवेदन को लेकर प्राथमिकता के साथ केवाईसी किया जा रहा है । साथ ही बैंक के नजदीक ही पेयजल हेतु नगर




पंचायत लैलूंगा से पानी का टैंकर मंगाकर लगााया गया है । ताकि किसी भी व्यक्ति को प्यास लगने पर वे अपनी प्यास बुझा सकें । वहीं बाहर से आने वाली महिलाओं के लिए ब्रान्च मैनेजर द्वारा स्वल्पाहार का भी व्यवस्था किया जाने लगा है । तथा केवाईसी कि प्रक्रिया में गति को तिव्रता के साथ किया जाने लगा है । वहीं शाखा प्रबंधक का यह भी कहना है कि कभी भी उनके शाखा दो बजे के बाद केवाईसी कि काऊन्टर्स को बंद नही किया जाता है । शासन कि महत्वकांक्षी योजना है इसलिए विशेष ध्यान देते हुए रात्रि लगभग 10 तक ऑनलाईन आधार कार्ड लिंक किया जा रहा है । वहीं आपको यह भी बता दें कि किसी भी खाता धारक एवं हितग्राहियों को बैंक के सामने आकर लाईन लगाकर खड़े होने कि कोई जरूरत नही है । महिलाएँ चाहें तो वे अपने गाँव के आंगनबाड़ी केन्द्र में जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास अपनी दस्तावेजों को जमा कर ऑनलाईन केवाईसी करा सकते हैं । लोगों के आधार लिंक कराने के लिए कुछ ज्यादा मेहनत करने कि कोई बात नही सभी समस्याओं का समाधान है कुछ परेशानी होने पर सीधे ब्रान्च मैनेजर से संपर्क किया जा सकता है । भारतीय स्टेट बैंक भारत देश का सबसे बड़ा और ज्यादा उपभोक्ताओं कि एक समूह है । जहाँ प्रत्येक विभागों में पदस्थ शासकीय कर्मचारियों के बैंक खाते होते हैं । और एसबीआई हर उपभोक्ताओं के संतुष्टी के साथ कार्य करता है । इसलिए भारतीय स्टेट बैंक के प्रति लोगों का विश्वास हमेशा बनी रहती है ।

## देश के प्रख्यात गजल कार पंगज उधास के निधन पर साहित्यकारों एवं कलाकारों ने दी श्रद्धांजलि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति और साहित्यकार कलाकार कल्याण संघ जिला बेमेतरा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने गायत्री मंदिर प्रांगण बेमेतरा मे देश के सर्व श्रेष्ठ गजल कार और पद्म रत्न से सम्मानित लोकप्रिय कलाकार पंगज उधास के निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन रखा गया जिसमे बेमेतरा जिला के प्रमुख कवि,साहित्यकार एवं कलाकार



गण उपस्थित हुए। जिसमे प्रमुख रूप से बेमेतरा जिला के हास्य व्यंग्य कवि और छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के प्रदेश सचिव रामानन्द त्रिपाठी ने कहा कि महान गजलकार पंकज उदास आज हमारे बीच भले ही नही रहे पर उनकी यादें और उनकी गजलों को कोई भूल नही सकता आज भी उनकी लिखी हुई सारी गजलें दिल को छू लेता है जैसे कुछ गजलें, चांदी जैसा रंग हे तेरा,सोने जैसा बाल,एक तू ही धनवान है गोरी बाकी सब कंगाल तथा बड़े दिनों के बाद चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है,ने देश ही नहीं विदेशों मे काफ ी धूम मचा दिया था। छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति बेमेतरा के अध्यक्ष डॉ. गोकुल बंजारे चंदन ने कहा कि पंकज उधास जैसा गजलकार न कभी हुआ है और न कभी होगा उनका जितना भी प्रशंसा किया जाये वो कम है। बेमेतरा के प्रसिद्ध गजल कार नूतन प्रभात ने तो उसकी पूरी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताये कि आज हम है तो सिर्फ उनके ही प्रेरणा से है हमे बहुत कुछ उनसे सिखने को मिला है।

कार्यक्रम के संचालन गोकुल बंजारे चंदन ने किया और अंत मे दो मिनट मौन रह कर पंकज उधास जी को श्रद्धांजलि दिये। उपस्थित सभी कलाकारों एवं कवियों ने भी पंकज उधास के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित रहे जिसमे साहित्यकार एवं कलाकार कल्याण संघ के संरक्षक अजय शर्मा, छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति प्रदेश सचिव रामानन्द त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष डॉ. गोकुल बंजारे चंदन, सचिव मनोज पाटिल, कोषाध्यक्ष भुवनदास जांगड़े,प्रसिद्ध तबला वादक विभाष मिश्रा, गजलकार नूतन प्रभात,हृदयेश्वर साहु, रामकुमार टंडन,विशाल सिंह ध्रुवे,महेश्वर श्रीवास, दुर्गा शंकर चतुर्वेदी, नरोत्तम साहु,बाबुराम साहु,नागेंद्र कुमार दीवान,ईश्वरीय प्रसाद धृतलहरे,बंशीलाल मारकंडे,धनेश पात्रे,भगवान सिंह राजपूत, नंदकुमार पांडेय सहित अनेको लोग सम्मिलित हुए।

## एक नजर

### रतनपुर पुलिस अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध की गई कार्यवाही

शराब कोचिये को रतनपुर पुलिस किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ - रतनपुर।



जिला बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा जिले में नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध रेड कार्यवाही करने हेतु मुखबिर तैनात किया गया था। जो दिनाँक 29 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिला कि साँधीपारा रतनपुर का नरेन्द्र पटेल अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बिक्री करने के लिये रखा हैं। कि मुखबीर की सूचना तस्दीक एवं कार्यवाही हेतु हमराह स्टाफ एवं गवाह के साँधीपारा रतनपुर जाकर घेराबंदी कर साँधीपारा रतनपुर निवासी नरेन्द्र पटेल के घर के बाड़ी से 15-15 लीटर 02 प्लास्टिक के डिब्बे में 30 लीटर महुआ शराब कीमती 6000 रूपये को बरामद किया गया। आरोपी के कब्जे से उक्त शराब को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के कार्यवाही कर आरापी को गिरफ्तार किया गयाप्त उक्त कार्यवाही में निरीक्षक देवेश सिंह राठौर थाना प्रभारी थाना रतनपुर, प्र.आर. बलदेव सिंह, आर. कीर्ति पैकरा, म.आर. अनिषा कश्यप का विशेष योगदान रहा ।जप्ती,30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6000 रूपये गिरफ्तार आरोपी- नरेन्द्र पटेल पिता रामखिलावन पटेल उम्र 36 वर्ष निवासी साँधीपारा रतनपुर थाना रतनपुर।

### विकासखंड स्तरीय शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण संपन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत जिला मिशन समन्वयक नरेन्द्र चौधरी, जिला नोडल अधिकारी एपीसी आलोक स्वर्णकार तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी जी आर जाटवर के निर्देशन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण स्थानीय नटवर स्कूल में किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शालाओं में गठित शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनके अधिकारों से अवगत कराना तथा शालेय गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है। राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर श्रीमती अनुपमा तिवारी एवं जिला स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर महेंद्र गुप्ता, राधा ऋषि सोनी के द्वारा प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन राजकमल पटेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल के द्वारा कहा गया की शाला प्रबंध समिति आज के समय शालेय संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है, उनके सदस्यों के क्षमता वर्धन से शालाओं की गुणवत्ता में अभिवृद्धि होगी। इसलिए सभी शालाओं में इस प्रशिक्षण को आयोजित किया जाना है। प्रशिक्षण में सभी संकुलों से एक-एक शैक्षिक समन्वयक तथा एक-एक समिति के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में सौरभ पटेल, सूरज प्रसाद कश्यप द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है की समग्र शिक्षा के तहत जिला, विकासखंड एवं संकुल स्तर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण दिया जाना है। आगामी दिवसों में संकुल केन्द्रों पर सभी सदस्यों का प्रशिक्षण दिया जाएगा

### युवक ने पाइप में फांसी लगाकर दी जान

**बिलासपुर** । जिले के तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जोरापारा में फंदे में लटकी हुई युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुबह-सुबह लाश को देख कर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बता दें कि युवक की पहचान 18 वर्षीय योगेश खांडे के रूप में हुई है। जो की तखतपुर के वार्ड क्रमांक 14 बेलसारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि गुरुवार सुबह बिलासपुर मुंगेली राष्ट्रीय राज्य मार्ग के ग्राम जोरापारा में एक युवक की लाश लोहे के पाईप पर लटकी मिली, जिसकी सुचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि युवक की लाश जहां पर मिली है वहां से युवक का मोबाइल और मोटरसाइकल गायब है,

## नेहरू युवा केंद्र लैलूंगा के ब्लॉक प्रभारी रमेश चौहान एवं चंदन पटेल द्वारा कमरगा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में नेहरू युवा केन्द्र कि शिल्ड से सम्मानित किया

जोहार छत्तीसगढ़ - लैलूंगा।

युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वधान में नेहरू युवा केंद्र रायगढ़ द्वारा जिला युवा अधिकारी चंद्रभूषण चौबे निर्देशानुसार एवं लैलूंगा विकास खण्ड के नेहरू युवा केन्द्र ब्लॉक प्रभारी रमेश चौहान एवं चंदन पटेल के नेतृत्व में लैलूंगा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कमरगा में आयोजित हो रहे माघ मेला के उपलक्ष्य में आयोजित हो रहे कबड्डी विजेताओं टीम को नेहरू युवा केन्द्र का शिल्ड देकर सम्मानित किया गया ।



जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कौशल्या विष्णु देव साय धर्मपत्नी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में लैलूंगा विधानसभा विधायक विधावती सिदार एवं पूर्व विधायक चक्रधर सिंह सिदार, पूर्व विधायक हृदय राम राठिया, लैलूंगा जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण पैंकरा, यशोमती सिदार सभापति महिला बाल विकास जिला पंचायत रायगढ़ एवं डिलेश्वर सिदार जनपद सदस्य कटकलिया, मोहन गौठिया जनपद सदस्य नारायणपुर, ग्राम पंचायत कमरगा के सरपंच कुसुम खलखो एवं सुशीला सिदार सरपंच कटकलिया एवं कमरगा कार्यक्रम के सभी कार्यकर्ता एवं सभी ग्रामीण जनों की गरिमामयी उपस्थिति में यह कार्यक्रम को सफल पूर्वक आयोजन किया गया । कबड्डी विजेताओं में प्रथम स्थान पर बीरसिंगा द्वितीय स्थान पर झारआमा तृतीय स्थान पर जतरा विजेता हुई । प्रथम, दिव्तीय, तृतीय विजेता टीम को मुख्य अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया । मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों का हर्षवर्धन करते हुए खेल-खिलाड़ी जिंदाबाद का नारा लगाया। रमेश चौहान एवं चंदन पटेल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा । ऐसी ही जीवन में आगे तत्पर बढ़ते रहे । और सभी अपने जीवन में उचें बुलंदिया हासिल करें कहकर अंत में सभी खेल-खिलाड़ी जिंदाबाद का नारा लगाते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई ।

## खेल एकजुट रहने के साथ संघर्ष करने की प्रेरणा देता है- योगेश तिवारी

### नेवनारा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में किसान नेता योगेश तिवारी हुए शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा के ग्राम नेवनारा में जय चंडी कबड्डी दल के द्वारा आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के शुभारंभ पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व हिंदू सनातन संगठन व किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। प्रतियोगिता में आसपास गांव की दर्जन भर कबड्डी टीमों ने भाग लिया है। इस दौरान किसान नेता ने खिलाड़ियों की हौसला अफ जाई करते हुए कहा कि कबड्डी खेल रोमांच का खेल है। इसमें युवाओं को अपनी ताकत के साथ साथ बुद्धिमता का भी प्रदर्शन करना होता है। युवाओं को ऐसी प्रतियोगिताओं में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इससे न सिर्फ उनकी शारीरिक क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी बौद्धिक क्षमता में भी विस्तार होता है। खेल हमेशा



एकजुट रहने व संघर्ष करने की प्रेरणा देता है, जो युवा पीढ़ी के लिए जरूरी भी है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना की। कहा कि हमें ऐसे आयोजन करके युवाओं को समय-समय पर ऐसे प्लेटफ ार्म मुहैया कराना चाहिए, जिससे वह अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खेल के क्षेत्र में अपना भविष्य भी बना सकें। उन्होंने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।

#### आयोजन में क्षेत्र के प्रतिनिधि व ग्रामीण रहे उपस्थित

इस दौरान उपस्थित गण में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, प्रहलाद अग्रवाल अध्यक्ष चंडी मंदिर, प्रमिला कमल साहू सरपंच नेवनारा, भीखम साहू साई धाम संस्थापक नेवनारा, चंद्रिका प्रकाश वर्मा, मिथलेश साहू, टेकराम साहू, राजकुमार लहरे, पवन पाटिल, भरत यादव, मानसिह पाटिल, सालिक बंछोर, जित्तू साहू, कामता साहू, बंटी पाटिल, नंदकुमार यादव, ओमप्रकाश पाल, तिलक पाटिल, डाक्टर दीपक साहू शिक्षक, भीषम साहू,राजन वर्मा, सुरेश साहू, त्रिलोक चौहान, राजेश निषाद, पप्पू सेन, लोकेश साहू आदि उपस्थित थे।



# घर-घर पहुंच बिजली बिल बाटने वाले कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगने से होंगे बेरोजगार

## मुख्यमंत्री निवास घेराव के साथ करेंगे हड़ताल

जोहार छत्तीसगढ़ – धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ में आज सभी मीटर रीडरो ने स्मार्ट मीटर के विरोध में आज अधीक्षण अभियंता छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्री.कं. लि.रायगढ़ के नाम पुरन राय,तिलक मलंगी,कन्हैया लाल साहू,लक्ष्मी नारायण,पंकज राठिया,अमित,रवि शंकर,रोही दास, आनंद एवं अन्य समस्त रीडर द्वारा ज्ञापन सौपा गया हैं। वही मीटर रीडरो का कहना हैं कि हम समस्त मीटर रीडर छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी में पिछले कई वर्षों से मीटर रीडिंग का कार्य करते आ रहे है। प्रदेश में वितरण कम्पनी के द्वारा सभी उपभोक्ताओं के परिसर में जिसकी संख्या 56 लाख स्मार्ट मीटर लगाने का निर्णय लिया गया है। स्मार्ट मीटर लगने से हमारा रोजगार समाप्त हो जायेगा। हमारे बीच में कई ऐसे भी मीटर रीडर हैं जो कई वर्षों से वितरण कम्पनी में मीटर रीडिंग का कार्य करते आ रहे हैं। जिनकी उम्र 40 से पार हो चुकी है तथा सभी का अपना घर परिवार है। हमारा रोजगार समाप्त होने की दशा में हमारे परिवार के समक्ष अर्थिक तथा मानसिक समस्या की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। एक साथ इतने लोगों के बेरोजगार हो जाने से कई परिवार बर्बादी की राह पर आ जायेंगे। परंतु स्पार्ट बिलींग एवं मीटर रीडरों जिसकी संख्या लगभग 6 हजार है। पर अब मीटर रीडर बेरोजगार होने की कगार पर है। पहले भी मुख्यमंत्री को भी पत्रचार के माध्यम से अवगत कराया गया था जिसकी अभी तक कोई जानकारी नहीं प्राप्त हुआ है। साथ ही छ.ग. राज्य पावर कंपनी लिमिटेड रायगढ़ को 19 दिसंबर 2023 को इस समस्या से अवगत कराया गया था तथा उपरोक्त तथ्य को हमारे द्वारा वितरण कम्पनी के समस्त कार्यालयों को लिखित एवं मौखिक रूप से कई बार अवगत कराया जा चुका है।

स्मार्ट मीटर लगने का कार्य मार्च माह से शुरू हो जायेगा किन्तु मीटर रीडरों का क्या होगा इस विषय पर अभी तक वितरण कंपनी की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गयी है। 9 फरवरी को राज्य सरकार द्वारा पेश बजट में भी हमारे विषय में किसी प्रकार का निर्णय नहीं लिया गया है।जबकि हमारे द्वारा समस्त विधायकों एवं अधिकारियो को पत्र के माध्यम से अपनी समस्या से अवगत कराया गया था। स्मार्ट मीटर लगने से पूर्व मीटर रीडरो को वितरण कंपनी में ही किसी अन्य पद पर जैसे विद्युत विभाग में जो रिक्त पद लाइन परिचालक, हेल्फर, कार्यलयिन सहायक स्टाफ, स्टोर कीपर इन सभी पदों पर मीटर रिडरों कि भर्ती कि जाए जिससे हमारा रोजगार व जीवन यापन हो सके। वही मीटर रीडरो का कहना हैं कि उनका रोजगार खतरे में हैं और सरकार उनपर बिलकुल ध्यान नहीं दें रही जिसके खिलाफ उनके द्वारा 1 दिवसीय मुख्यमंत्री निवास घेराव व 1 मार्च से 5 मार्च तक कार्य को बंद रखा जायेगा।

## एक नजर

### राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू से की मुलाकात

पटना में जीते थे राष्ट्रीय उपविजेता सॉफ्टवाल का पुरस्कार

जोहार छत्तीसगढ़–सारंगढ़।



राष्ट्रीय सॉफ्टबाल प्रतियोगिता बिहार के पटना में संपन्न हुआ, जिसमें देश के 26 राज्यों के खिलाड़ी उपस्थित रहे। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आत्मानंद विद्यालय के छात्र संकेत बंजारे स्वर्गीय राकेश बंजारे निवासी वार्ड क्रमांक 10 इस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे। वही चंद्रहास यादव आत्मज दादू लाल यादव वार्ड नंबर 1 कुटेला साफ्टबाल जूनियर में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पटना गए हुए थे, जिसे उपविजेता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। दोनों विजेताओं को कलेक्टर धर्मेश साहू द्वारा अपने चेंबर में बुलाकर पुष्प गुच्छ देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की है। विदित हो कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के दोनों उप विजेताओं को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने ऑफि शियल व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेली ग्राम में भी स्थान देकर विजेताओं को सम्मानित किए हैं।

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए अधिकारियों ने दिया युवाओं को मार्गदर्शन

युवाओं को दिया जा रहा निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण एवं कोचिंग की सुविधा

**धमतरी** । कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर जिले के युवाओं को अग्निवीर थलसेना भर्ती में शामिल होकर देशसेवा के लिये प्रोत्साहित करने हेतु नि:शुल्क शारीरिक प्रशिक्षण सहित कोचिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इसी कड़ी मे बीते दिन कलेक्टर के निर्देश और पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के मार्गदर्शन में बांसपारा धमतरी में अधिकारियों द्वारा अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए युवाओं का मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री तेजपाल ध्रुव द्वारा युवाओं को मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं को नि:शुल्क फिजिकल प्रशिक्षण एवं स्थानीय लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में दिये जा रहे कोचिंग सुविधा की जानकारी दी गई। इसके अलावा विषय विशेषज्ञों द्वारा अग्निवीर वायु सेना भर्ती के लिए आवेदन करने वाले पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु नि:शुल्क की जानकारी भी दी गई। गौरतलब है कि प्रशिक्षण में गणित, विज्ञान, अंग्रेजी विषय के विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा के संबंध में बारिकी से जानकारी दी जा रही है। साथ ही उनकी जिज्ञासाओं को भी शांत किया जा रहा है। इस अवसर पर बांसपारा वार्ड के पुलिस पेंशनर परिवार के उपाध्यक्ष सें.नि.उ.नि. अनिल सालुंके द्वारा पूरे वार्ड के युवाओं को मार्गदर्शन के लिए इकठ्ठा कर प्रोत्साहित किया गया।

# सभी केंद्राध्यक्ष बोर्ड के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा संपन्न करावें-बीईओ नरेश चौहान

जोहार छत्तीसगढ़–बरमकेला।



एक मार्च शुक्रवार से छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा शुरू होने जा रही है। विकासखंड के सभी केंद्राध्यक्ष माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा संपादित करेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार चौहान ने कहा कि विकासखंड के सभी पंद्रह परीक्षा केंद्रों में खुशनुमा वातावरण एवम नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने आपसी सामंजस्य से कार्य करें। विद्यार्थियों को किसी भी प्रकार से कोई असुविधा न हो इस बात को सुनिश्चित कर लें। परीक्षा केंद्रों में बच्चों को बुनियादी सुविधाएं को उपलब्ध कराते हुए बोर्ड केद्वारा जारी निर्देशों को कड़ाई से पालन करेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार चौहान ने बताया कि विकासखंड के सभी पंद्रह परीक्षा केंद्रों में परीक्षा की सभी तैयारियां पूर्ण कर लिया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने जिला एवम विकासखंड स्तर पर उड़न दस्ता दलों का गठन किया गया है जो परीक्षा के दिनों में नियमित रूप से सघन निरीक्षण करेंगे। उन्होंने बोर्ड परीक्षा मे सम्मिलित होने जा रहे सभी छात्रों को परीक्षा की तनाव से दूर रहने एवम परीक्षा को उत्सव के रूप में लेने का आग्रह किया है। उन्होंने अविभावकों से भी अपील किया है कि वे अपने बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाए और उन्हें भयमुक्त वातावरण में परीक्षा देने देवे। बीईओ नरेश कुमार चौहान ने बताया कि परीक्षा को निर्विघ्न संपन्न कराने की हम सबकी जिम्मेदारी है। किसी भी परीक्षा केंद्रों में नक़ल या अनुचित साधनों का प्रयोग नहीं हो इस बात का ध्यान केंद्राध्यक्ष,सहायक केंद्राध्यक्ष,और परीक्षा कार्य मे शामिल पर्यवेक्षक को विशेष ध्यान रखना होगा। परीक्षा समयानुसार सम्पन्न हो इसके लिए सभी केंद्राध्यक्ष बच्चों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा देवे। बच्चों को हवा,पानी,बिजली और शौचालय जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो इस बात को सुनिश्चित कर लेवे। उन्होंने बच्चों की स्वास्थ्यगत समस्याओं को गंभीरता से लेने और समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का भी व्यवस्था करेंगे। बोर्ड परीक्षा मे विकासखंड बरमकेला बोर्ड एवम जिला प्रशासन के दिशा निर्देशों के अनुसार परीक्षा संपन्न कराते हुए एक नई आयाम स्थापित करे और सभी परीक्षार्थी अच्छे अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश के मेरिट सूची मे जगह बनाए इसके लिए सभी को शुभकामनाएं दिए।

# शिक्षा का मंदिर हो रहा शर्मसार, गुरुजी जब पौवा लेकर पहुंचे स्कूल कहा मैं रोज पीता हूं और पियूंगा मेरी मर्जी, शराबी शिक्षक को निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़– बिलासपुर।



शिक्षा के मंदिर में खुलेआम दिन के उजाले में शराब पीने का एक वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल किया जा रहा है। जिस कक्षा में बच्चों के शिक्षण का कार्य होना था, उसी कमरे में शराब पीने-पिलाने का काम किया जा रहा है। ऐसा ही मामला छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से सामने आया है जहा सरकारी स्कूल के शिक्षक खुलेआम शराब पीते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं महिला शिक्षकों के सामने पैग भी बना रहे हैं। जानकारी के मुताबिक वायरल वीडियो, मस्तूरी विकासखंड के मचहा जनपद प्राथमिक शाला का है। वीडियो में देखा जा सकता है उन्होंने अपने जेब में शराब की रखी है। जब उनसे पूछा गया आप ऐसे पीके बैठते हैं तो उन्होंने कहा हमारी मर्जी हम कुछ भी करें, मैं रोज पीता हुआ हूं, आपको कोई दिक्कत इतना ही नहीं चखना दिखाते हुए कहते हैं ये है शीशी मेरे पास सब कुछ है। बच्चे देखते हैं तो देखने दो घर की टेंशन की वजह से स्कूल में शराब पी रहा हूं। सोशल मीडिया पर वायरल हो गया वीडियो सामने आने के बाद डीईओ ने तत्काल मामले को संज्ञान में लिया और कार्रवाई करते हुए शिक्षक को निलंबित कर दिया। बात दें शिक्षक का नाम संतोष केंवट है जो सहायक शिक्षक के तौर पर पदस्थ है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा वीडियो वायरल वीडियो को देख विभागीय अधिकारियों ने शिक्षक को किया निलंबित।

# 32 नग मवेशियों को कत्लखाना ले जाने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़–बेमेतरा।

बेमेतरा के गौरक्षको को 20 फरवरी 2024 के रात्रि करीबन 01 बजे ग्राम चारभाठा ग्रामीणों से सूचना मिला कि ग्राम चारभाठा बाईपास के पास खेत मे वाहन टाटा अल्ट्रा क्र.एमएच 18 बीजी 4762 में मवेशियो को कत्लखाना ले जाने के लिए भर रहे थे उक्त सूचना के संबंध मे थाना बेमेतरा को सूचना दिया। तब मौके पर थाना बेमेतरा पुलिस वालो के साथ गौरक्षक के चारभठा बाईपास के खेत मे पहुचे तो एक टाटा अल्ट्रा क्र. एमएच 18 बीजी 4762 वाहन मे कुछ लोग मवेशियो को भरकर ले जाने वाले थे जो पुलिस वालो को देखकर सभी भागने लगे जिसमे से एक व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़े जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम सुरेश पाटले निवासी नवागांव कटई थाना नवागढ जिला बेमेतरा का होना बताया पूछताछ करने पर मौके से भागे हुये अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर एवं वाहन के चालक का नाम पता नहीं होना बताया वाहन एमएच 18 बीजी 4762 को चेक करने पर वाहन में कृषक खेतिहार मवेशी बछड़ा कुल 32 नग को बिना चारा पानी के ठूस ठूस कर क्ररुता पूर्वक कत्लखाना ले जाने के लिए भरा होना पाया गया। टाटा अल्ट्रा क्र. एमएच 18 बीजी 4762 के अज्ञात चालक के खिलाफधारा छ.ग. कृषक पशु परिअधि 2004 की धारा 4,6,10, पशुओ के प्रति क्ररुता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11, छग पशुओं का



परिवहन अधिनियम 1978 की धारा 47, 47सी, 49, 54;1,;2,;3, 55, मो.व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 के पाये जाने से आरोगपीगणों के द्वारा धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर विगत दिनों पूर्व में आरोपी सुरेश पाटले उम्र 55 साल साकिन नवागांव कटई थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा को विधिवत गिरफ्तार था। अन्य फरार आरोपियों की पता तलाश की जा रही है। जिस पर पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू भा.पु.से के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा एवं थाना स्टाफ को फरार आरोपियों की पतातलास कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरण में फरार आरोपियो की पतासाजी विवेचना के दौरान आरोपी,ठाकुर प्रसाद कुर्रे ऊर्फ कोदूराम पिता सीताराम उम्र 20 साल साकिन नवागांव कटई थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा, * रविघृतलहरे पिता परदेशी ऊर्फ रज्जू उम्र 20 साल साकिन नवागांव कटई थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा, विकाश ऊर्फ विक्की घृतलहर पिता परदेशी ऊर्फ रज्जू उम्र 20 साल साकिन नवागांव कटई थाना नवागढ़ जिला बेमेतरा,लोमेश ऊर्फ भक्कू बांधे पिता सुरेश बांधे उम्र 22 साल साकिन चारभाठा थाना व जिला बेमेतरा को 28 फरवरी 2024 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक रिमांड पर पेश किया गया। प्रकरण में अन्य फरार आरोपी की पता तलाश की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि जितेन्द्र कश्यप, प्रधान आरक्षक गोपाल ध्रुव, आरक्षक रवि साहू, मालिक राम सिन्हा एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भुमिका रही।

## श्मशान को भी नहीं बख्शा बेजाकब्जाधारियों ने

# नाराज नगरवासियों ने एसडीएम से की शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़– धरमजयगढ़।

*धरमजयगढ़ क्षेत्र में हर दिन कही ना कही से बेजाकब्जा कि खबरे आती रहती है कुछ दिनों पहले धरमजयगढ़ वार्ड 9 में हो रहे बेजा कब्जा का मामला खूब चर्चित में था। जिसके बाद कई जगहों पर जंगलों में हो रहे बेजा कब्जा की खबरे सामने आ रही थी पर इस बार ऐसे जगह कब्जा की खबर सामने आ रही जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी।*



यह मामला हैं धरमजयगढ़ के पतरापारा वार्ड क्रमांक 8 का जहां कुछ लोगों द्वारा श्मशान की जमीन पर ही कब्जा कर लिया गया है। जिसे सुन सभी दंग रहा गए। यह मामला तब सामने आया जब 28 फरवरी को कुछ लोगों द्वारा धरमजयगढ़ एसडीएम डिगेश पटेल को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की गयी। लोगों ने ज्ञापन में लिखा की वार्ड क्रमांक 7 और 8 में रहने वाले विभिन्न समुदायों राउत, यादव, गोड़, केवट एवं अन्य जनजाति का पतरापारा वार्ड क्रमांक 8 में स्थित श्मशान भूमि पर प्रताप तिग्गा, ललिता तिग्गा द्वारा अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। इसपर रोक लगाने पहले भी कई बार आवेदन दिया जा चुका है पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। जिससे परेशान होकर फिर सभी नागरिक ज्ञापन देने आये हैं और उनकी मांग है कि जल्द से जल्द बेजाकब्जा को खाली करवाया जाये। वहीं मुहल्ले वासियों ने बताया की इन लोगों को राजनीतिक पार्टियों का समर्थन भी प्राप्त है। जिसके चलते इनपर कार्यवाही नहीं होती। पहले भी कई बार कार्यवाही की बाते कही गई हैं पर आज तक कुछ नहीं हुआ।

# तेन्दुपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण कार्यक्रम धरमजयगढ़ में आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़– धरमजयगढ़।



धरमजयगढ़ वन विभाग के काष्ठगार में तेन्दुपत्ता साखकर्तन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों कि संख्या में भाग लेने वाले कर्मचारी मौजूद रहे इनमे तेन्दुपत्ता संग्रह के अध्यक्ष, मुंशी समेत पत्ता संग्रह केंद्र के कई कर्मचारी मौजूद थे साथ ही धरमजयगढ़ के कई फील्ड के बीट गार्ड, डिप्टी रेंजर समेत कई अधिकारी मौजूद रहे जहां उन्हें इस वर्ष तेन्दुपत्ता संग्रह कैसा करना हैं उसकी जानकारी के साथ कई सारे मुद्दों पर चर्चा कि गई कार्यक्रम में धरमजयगढ़ वन विभाग के डीएफओ अभिषेक जोगावात, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुनीत राठिया, पूर्व लैलूंगा विद्यायक हृदय राम राठिया,जिला पंचायत सदस्य रामनाथ बैगा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मंत्री गोविन्द दास महंत, जोहार छत्तीसगढ़ संपादक नारायण बाईन, आदिवासी समाज अध्यक्ष महेंद्र सिदार, बोरो रेंजर किंडो एवं अन्य अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम में कर्मचारीयों को वन का महत्त्व बताते हुए डीएफओ ने कहा कि गर्मियों के दिनों में कई जगह के जंगलों में आग लग जाती हैं जिसे बिलकुल भी हलके में नहीं लिया जा सकता क्योंकि यह आग शुरुआत में छोटे जगहों पर लगती हैं इसका दायरा छोटा होता हैं पर हवा और सूखे पत्तों के कारण आग अनियंत्रित होकर फैल जाती हैं जो विशाल रूप ले लेता हैं अगर सही समय पर इसे ना रोका गया तब कि स्तिथि में यह आग पूरे जंगल का सर्वनाश कर देती हैं जो पर्यावरण के लिए जहर का रूप ले लेती हैं।

आग लगने के बाद बरसात में पुन: पेड़ पौधे तो उग जाते हैं पर वहा कि जैव विविधता समाप्त हो जाती हैं क्योंकि आग के कारण वहा के सारे जीव जन्तु या तो मर जाते हैं या फिर पलायन कर जाते हैं ऐसे में वहा पूरा इकोसिस्टम का फिर से निर्माण होने में लम्बा समय लग जाता हैं इसी लिए हमें सभी कि रक्षा करनी हैं यह हमारा कर्तव्य हैं और आप सभी इस पर विशेष ध्यान देवें और कोशिश करें की ऐसी अप्रिय घटना घटित ना हो। वही इसके बाद हृदय राम राठिया ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले कर्मचारियों को तेन्दु पत्ता के महत्त्व और शाखकर्तन व संग्रहण के बारे में समझाया साथ ही वर्तमान में सरकार द्वारा तेन्दु पत्ता के खरीदी से जनता को कितना लाभ हो रहा इस बारे में भी समझाया साथ ही तेन्दुपत्ते के पौधे को कैसे तोड़े की उससे और अधिक पत्ते उत्पन्न हो यह भी बताये।



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला–रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक –**नारायण बाईन,** फोन –फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in